www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 केरल से कुछ सीखें अन्य सरकारें, मजहबी मान्यताओं के ठेकेदारों पर लगाम जरूरी

शाहजहांपुर के गुरुकुल में 13 साल के छात्र की मौत 04

वर्ष :09 | अंक :18 | मुंबई , बुधवार , 09 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### सुदर्शना फाउंडेशन द्वारा दिल्ली और अमरावती में वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल

नई दिल्ली/अमरावती। सुदर्शना फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए दिल्ली और महाराष्ट्र के अमरावती में वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल में फाउंडेशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाया। दिल्ली में फाउंडेशन की अध्यक्षा संयुक्ता देशमुख के मार्गदर्शन में सदस्या याशिका नागपूरकर ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। याशिका ने कहा, पेड़ लगाना न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है।इसी बीच, महाराष्ट्र के अमरावती में विद्या गणेश येरमे के नेतृत्व में छाया मोतीराम आळे, उषा कैलास परचके और नलु शेखर धानविज ने वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया।

### जगन रेड्डी की पार्टी के नेता ने महिला टीडीपी विधायक के बारे में की अभद्र टिप्पणी, मच गया बवाल

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता और पूर्व विधायक नल्लापुरेड्डी प्रसन्ना कुमार रेड्डी 7 जुलाई को नेल्लोर जिले में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान टीडीपी विधायक वेमिरेड्डी प्रशांति रेड्डी के खिलाफ अश्लील और महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं।एक वीडियो में प्रसन्ना कुमार रेड्डी ने प्रशांति रेड्डी पर अपने पति, सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी को उससे शादी करने के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया, और चौंकाने वाली टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उसे नींद में जहर दे सकती है। एक वीडियो में प्रसन्ना कुमार रेड्डी ने प्रशांति रेड्डी पर अपने पति, सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी को उससे शादी करने के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया, और चौंकाने वाली टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उसे नींद में जहर दे सकती है ।इसके बाद उन्होंने उन पर बदतमीजी करते हुए कहा कि उत्तर भारत के लोग उन्हें उनके कामों के लिए जानते हैं, जबकि मंच पर मौजूद वाईएसआरसीपी समर्थकों ने उनकी टिप्पणियों पर हंसते हुए तालियां बजाई। वेमिरेड्डी प्रशांति रेड्डी ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नल्लापुरेड्डी पर आपराधिक साजिश, आपराधिक मानहानि, उनकीगरिमा को ठेस पहुंचाने और सार्वजनिक रूप से शरारत फैलाने का आरोप लगाया गया ।शिकायत में आईपीसी और भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं का हवाला दिया गया, जिसमें यौन उत्पीड़न, मानहानि, अश्लील इशारे और आपराधिक धमकी के प्रावधान शामिल हैं।

## भाषा विवाद को लेकर मुंबई में जोरदार प्रदर्शन

### मार्च का समर्थन करने पहुंचे शिंदे के मंत्री का एमएनएस ने किया विरोध

प्रदर्शन

- महाराष्ट्र में भाषा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है. मीरा भायंदर में पुलिस ने मनसे नेता को हिरासत में लिया है.
- भाषा विवाद को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने निकाला मार्च

एजेंसी

मीरा भायंदरः महाराष्ट्र में इनदिनों भाषा विवाद को लेकर माहौल गरमाया हुआ है. इसी सिलसिले में आज मंगलवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस की नोंकझोंक भी हुई. पुलिस ने मनसे कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन करने से रोका. इस मामले पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रदर्शन करने से पहले परमीशन ली जाती है, लेकिन मनसे पार्टी ने उनसे कोई इजाजत नहीं ली. मंत्री सरनाईक ने कहा है कि उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से की है. इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि पुलिस को किसी पार्टी की तरफ से काम नहीं करना चाहिए.



#### टकराव की स्थिति पैदा हो सकती थी...

मुंबई: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे के मीरा-भायंदर में मनसे कार्यकर्ताओं के मार्च को अनुमति न दिए जाने पर स्पष्टीकरण दिया है. उन्होंने कहा कि मार्च को निकालने वाले नेता जानबूझकर उस रास्ते पर अनुमति मांग रहे थे, जिससे टकराव की स्थिति पैदा हो सकती थी. दरअसल, कुछ दिनों पहले मीरा-भायंदर में मराठी लोगों के खिलाफ कुछ स्थानीय प्रवासी व्यापारियों ने बंद का आह्वान किया था. इसके जवाब में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मीरा-भायंदर में मार्च निकालने का प्रयास किया. लेकिन मार्च के निकलने से पहले पुलिस ने मनसे और मराठी एकीकरण समिति के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी.

अगर व्यापारियों के मार्च को अनुमति दी गई है, तो मराठी लोगों के मार्च को क्यों नहीं दी जा रही है? प्रताप सरनाईक ने कहा, मैं एक मंत्री हूं, लेकिन मैं पहले एक मराठी हूं. मैंने वहां के पुलिस कमिश्नर से बात की है और अपनी नाराजगी जताई है. आज मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से भी बात की है और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है. मैं खुद अब इस मार्च में शामिल होने जा रहा हूं. अगर पुलिस में हिम्मत है, तो वे मुझे रोकें या गिरफ्तार करें.भाषा विवाद को लेकर व्यापारियों के खिलाफ मनसे के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने मीरा भयंदर पहुंचे महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप बाबूराव सरनाईक का मनसे कार्यकर्ताओं ने विरोध किया. उन्हें 'देशद्रोही' कहा. मंत्री को मौके से जाने पर मजबूर कर दिया. भीड़ के उग्र होने के कारण मंत्री के पास वहां से जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था. दूसरी ओर, शिंदे गुट के एक अन्य मंत्री योगेश कदम ने सरकार का समर्थन किया है. शिंदे गुट के नेता और राज्य के गृह मंत्री योगेश कदम ने कहा, ₹इसमें कोई राजनीति नहीं है. जिस स्थान पर उन्होंने अनुमति मांगी है, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं. हमने उनसे रूट बदलने के लिए कहा है, जिसके बाद उन्हें अनुमति मिल जाएगी लेकिन वे रूट बदलने के लिए तैयार नहीं हैं.इस बीच पुलिस ने मीरा भायंदर में मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के ठाणे के अध्यक्ष अविनाश जाधव को हिरासत में ले लिया.

## ब्राजीलिया में स्टेट विजिट पर पहुंचे पीएम मोदी

### राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने रिसीव किया, गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत; ट्रेड-डिफेंस पर बातचीत करेंगे

" पैलेस में पीएम मोदी के आने पर भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई।प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने एक-दूसरे को गले लगाया।औपचारिक स्वागत के दौरान अल्वोराडा पैलेस में भारत और ब्राजील के राष्ट्रगान धुन बजे।



#### ब्राजीलिया में मोदी का इंडियन क्लासिकल डांस से स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स समिट में शामिल होने के बाद मंगलवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया पहुंचे थे।यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया था।

एजेंसी

ब्राजीलिया , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील के राजकीय दौरे पर हैं। वे मंगलवार को राजधानी ब्राजीलिया में अल्वोराडा पैलेस (राष्ट्रपति निवास) पहुंचे। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने उनका स्वागत किया ।पीएम मोदीआज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ ट्रेड, डिफेंस, एनर्जी, स्पेस, टेक्नोलॉजी, खेती और हेल्थ समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे। पीएम मोदी के सम्मान में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों ने पारंपरिक सांबा रेगे नृत्य की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी ।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इसकी सराहना भी की ।पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रस्तुति ब्राजील के समृद्ध विरासत को दशार्ती है। पीएम मोदी ने इससे पहले सोमवार को ब्रिक्स सम्मेलन में पर्यावरण, जलवायु सम्मेलन और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगों और धरती का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है ।मोदी ने कहा- कोरोना महामारी ने दिखा दिया कि बीमारी किसी पासपोर्ट या वीजा की मोहताज नहीं होती और इसका समाधान भी सबको मिलकर ही निकालना होता है। इसलिए, हमें अपने ग्रह को स्वस्थ रखने के लिए मिलकर कोशिश करनी होगी।

#### ब्रिक्स देशों ने पहलगाम हमले की निंदा की

इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले (क्वाड) ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है।

## ड्रीमलाइनर सबसे सुरक्षित प्लेन :एअर इंडिया

### दुनियाभर में इसकी हजार से ज्यादा फ्लाइट्स; पीएसी को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की रिपोर्ट सौंपी

" वहीं, मंगलवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच कर रहे विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय एमओसीए को अपनी प्राइमरी रिपोर्ट सौंपी। अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के साथ मिलकर काम कर रहा है।



एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई ,अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में एअर इंडिया ने पब्लिक अकाउंट्स कमेटी को रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कहा गया है कि ड्रीमलाइनर प्लेन सबसे ज्यादा सुरक्षित विमानों से एक हैं।दुनियाभर में इसकी हजार से ज्यादा फ्लाइट्स हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइन ने पीएसी की बैठक के दौरान अपना पक्ष रखते हुए ड्रीमलाइनर पर बयान दिया है।हालांकि, बैठक एयरपोर्ट पर लेवी चार्जेस लगाने पर चर्चा के लिए थी।12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी।इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे।सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

#### एविएशन के सेफ्टी प्रोसीजर पर सवाल

रिपोर्ट के मुताबिक, पीएसी कमेटी में शामिल सांसदों ने सेफ्टी प्रोसिजर पर एविएशन अधिकारियों से जवाब मांगा। बीसीएएस से तत्काल ऑडिट की मांग की। बैठक में जीडीएसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। इसके साथ ही हाल के सिक्योरिटी लैप्स पर चिंता जताई।

## ऐसी सजा देंगे, लोग याद रखेंगे : सीएम योगी

योगी ने आगे लिखा कि राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है।उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।

### जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर सीएम योगी आदित्यनाथ का बयान



एजेंसी

उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के कथित सरगना को उसके सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और सह-आरोपी नीतू उर्फ नसरीन बलरामपुर जिले के मधपुर के निवासी हैं।बयान में कहा गया कि जलालुद्दीन के खिलाफ एक अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था, जबकि पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपये का नकद इनाम घोषित किया था। पूरे मामले को लेकर अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। योगी ने एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

#### तीन बीघा जमीन पर किलेनुमा कोठी

कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है।3 बीघा जमीन पर करीब 3 करोड़ से बनाई गई थी।इसमें 10 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था।इस पर रात को करंट दौड़ाई जाती थी, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके।मेन गेट से कोठी तक जाने के लिए 500 मीटर की प्राइवेट रोड बनी हुई है।

## अंधविश्वास के कारण घटी इतनी बड़ी घटना, यह देश के लिए काला धब्बा...

### पूर्णिया कांड पर बोले पप्पू यादव

पप्पू यादव ने कहा कि आदिवासी समाज ऐसी प्रथाएं नहीं करता, यह बड़ी घटना सिर्फ अंधविश्वास के कारण हुई।हम अनुरोध करेंगे कि ऐसी सभी अंधविश्वासी चीजों को समाज से खत्म किया जाए।




एजेंसी

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने रानीपतरा गांव में पांच मृतकों के परिजनों से मुलाकात की।यहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जादू-टोना के आरोप में जिंदा जला दिया गया। पप्पू यादव ने कहा कि मैं शुरू से कह रहा हूं कि गरीब लोग इस तरह की घटना को अंजाम नहीं दे सकते।बाहर एक ओझा था, वे सब उसके पास गए। उस ओझा ने कहा कि आपके गांव में एक डायन है जिसने आपके बच्चे को कुछ कर दिया है।

## तमिलनाडु में एक दिन में दो दर्दनाक हादसे

### स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, कार और ट्रक की टक्कर में परिवार के चार लोगों की मौत

" तमिलनाडु तंजावुर-कुंभकोणम मोटरमार्ग पर मंगलवार की सुबह एक कार और मिनी ट्रक के आपस में टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि चेन्नई के पेरुंगलथुर निवासी एस. कुमार (57) अपने परिवार के साथ कार से बृहदेश्वर मंदिर जा रहे थे।



एजेंसी

तमिलनाडु के लिए सुबह दर्दनाक थी।सुबह उठते ही जहां सुबह करीब 7.45 बजे तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सेम्मनकुप्पम में एक मानवयुक्त गेट पर चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन को एक यात्री ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।निजी सीबीएसई स्कूल कृष्णास्वामी विद्यानिकेतन की वैन कुड्डालोर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 (एक गैर-इंटरलॉक मानवयुक्त गेट) को पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी उसे ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मइलादुथुराई पैसेंजर ने टक्कर मार दी। वहीं दूसरी तरह तमिलनाडु तंजावुर-कुंभकोणम मोटरमार्ग पर मंगलवार की सुबह एक कार और मिनी ट्रक के आपस में टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

## कंगना रनौत पर प्रतिभा सिंह का पलटवार

### बोलीं- अपनी जिम्मेदारी नहीं समझती भाजपा सांसद

▸▸ प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुझे समझ नहीं आया कि यह सब कहते समय उनके मन में क्या था। आज, खासकर मंडी के लोग इस बात का अफसोस कर रहे हैं कि हमने बहुत बड़ी गलती कर दी।




एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के दौरान भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह दुखद और खेदजनक स्थिति है।मैं भी सांसद रही हूं।मुझे पता है कि भारत सरकार हमें कितना पैसा आवंटित करती है, जो लोगों में बांटा जाता है और यह राहत कार्यों के लिए होता है। चाहे वह कोई आपदा हो या कोई अन्य समस्या, सांसद निधि का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाता है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुझे समझ नहीं आया कि यह सब कहते समय उनके मन में क्या था।

गठन

### युवा आयोग के गठन पर बोले प्रशांत किशोर, अब और धोखा नहीं खाएंगे युवा

## युवाओं को आयोग नहीं, नौकरी चाहिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। बिहार सरकार द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की घोषणा पर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तंज कसा है।उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं से जाकर पूछिए कि उन्हें आयोग चाहिए या नौकरी। बिहार के युवा अब और धोखा नहीं खाएंगे। 2015 में नीतीश कुमार ने वादा किया था कि जब तक 18 से 35 साल के युवाओं को नौकरी नहीं मिल जाती, उन्हें 1000 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। किसी भी युवा से पूछिए, उन्हें आज तक 1 रुपया भी नहीं मिला। इसलिए युवा आयोग बनाने से कोई फायदा नहीं होगा। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि इस आयोग के गठन से नीतीश कुमार के चार करीबी मंत्री और अधिकारी अपने परिवार के सदस्यों को वहां नौकरी दिलवाएंगे। बिहार के बेरोजगार युवा बेरोजगार ही रहेंगे। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 35% नौकरी कोटा स्वीकृत करने पर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि 2015 में महिलाओं को पहले से ही 30% नौकरी कोटा प्रदान किया गया था। नीतीश कुमार पुरानी घोषणा को फिर से घोषित करके लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं।आपको बता दें कि नीतीश कुमार ने घोषणा की कि राज्य सरकार की मंजूरी के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है।इस कदम का उद्देश्य बिहार के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और युवा प्रशिक्षण में निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें सशक्त और सक्षम बनाया जा सके। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी।यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।

" प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि इस आयोग के गठन से नीतीश कुमार के चार करीबी मंत्री और अधिकारी अपने परिवार के सदस्यों को वहां नौकरी दिलवाएंगे। बिहार के बेरोजगार युवा बेरोजगार ही रहेंगे।

## उन्हें अपने माता-पिता के शासनकाल को देखना चाहिए, तेजस्वी यादव पर ललन सिंह का पलटवार



- ललन सिंह ने दावा किया कि गोपाल खेमका हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार हैं।लालू यादव के कार्यकाल में क्या कार्रवाई हुई? आज बिहार की सड़कों पर आधी रात को भी लोग निकल सकते हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने पलटवार किया है।ललन सिंह ने साफ तौर पर कहा कि तेजस्वी यादव के बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या सीएम को किसी घटना पर कार्रवाई करनी चाहिए या उस पर बोलना चाहिए? उन्हें अपने माता-पिता के शासनकाल को देखना चाहिए, जब संगठित अपराध, अपहरण और नरसंहार होता था। हर जगह घटनाएं होती हैं, लेकिन आज उसके बाद तुरंत कार्रवाई होती है और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है। ललन सिंह ने दावा किया कि गोपाल खेमका हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार हैं। लालू यादव के कार्यकाल में क्या कार्रवाई हुई? आज बिहार की सड़कों पर आधी रात को भी लोग निकल सकते हैं। 20 साल के कार्यकाल में नीतीश कुमार ने एसपी को फोन तक नहीं किया, वो सिर्फ डीजीपी को निर्देश देते हैं, जबकि लालू यादव सिपाही और इंस्पेक्टर से भी बात करते थे। उनके शासन में राज्य प्रायोजित अपराध होता था। तेजस्वी यादव ने बिहार में व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है औरपिछले कुछ दशकों में राज्य में 65,000 हत्याएं हुई हैं।

## सम्पादकीय

# फर्जी लाभार्थियों पर लगाम, केवाईसी पर देना होगा ध्यान

यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए और बार-बार नहीं होनी चाहिए लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए।लोगों की पहचान और उनके दस्तावेजों की पुष्टि करने वाली प्रक्रिया कितनी लाभकारी सिद्ध हो रही है, इसका पता पंजाब में लाखों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों के सामने आने से चल रहा है। इस राज्य में 45 लाख परिवार सस्ता अनाज ले रहे थे। जब उनसे केवाईसी कराने को कहा गया तो पात्र लाभार्थी काफी कम निकले। करीब 31 लाख लोग भ्रष्ट तौर-तरीकों का सहारा लेकर अपात्र होते हुए भी केंद्र सरकार की सस्ता अनाज योजना का लाभ उठा रहे थे। इससे बड़ी विडंबना और चिंता की बात कोई नहीं कि जो लोग गरीबी रेखा से नीचे नहीं थे वे भी मुफ्त अनाज ले रहे थे। जिन लाखों लोगों ने केवाईसी नहीं कराई उनके बारे में इस नतीजे पर पहुंचना स्वाभाविक है कि वे अपात्र थे। यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी सरकारी सुविधा अथवा रियायत या राहत का अनुचित लाभ उठाया जा रहा हो। इस तरह के मामले अन्य अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं में भी सामने आते रहे हैं। इन मामलों के सामने आने से इसी आवश्यकता को बल मिलता है कि प्रत्येक योजना के लाभार्थियों की केवाईसी कराई जानी चाहिए। किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड समेत अन्य अनेक मामलों में केवाईसी होती है।उचित यह होगा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को केवाईसी से जोड़ा जाए ताकि सरकारी सहायता और सुविधा का लाभ उन्हीं लोगों को मिल सके जो उसके अधिकारी हैं। इसका कोई औचित्य नहीं कि जो पात्र नहीं यानी सक्षम हैं, वे किसी भी सरकारी सुविधा-सहायता का अनुचित लाभ उठाएं।ऐसा इसलिए नहीं होना चाहिए, क्योंकि केंद्र एवं राज्य सरकारें सैकड़ों करोड़ रुपये की सब्सिडी देती हैं। इस सब्सिडी का दुरुपयोग भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं। कई बार इस भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होते हैं। निश्चित तौर पर नेता लोग भी शामिल होते हैं और इसीलिए वे यदाकदा केवाईसी को अनावश्यक एवं जटिल भी करार देते हैं। यह निरा झूठ है और एक तरह से भ्रष्टाचार की अनदेखी भी। इसका अनुमान लगाना कठिन है कि फर्जी लाभार्थियों ने कितनी बड़ी धनराशि अनुचित रूप से हासिल की होगी। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की जेब में गया होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अपने देश में भ्रष्टाचार के नियंत्रित न हो पाने का एक बड़ा कारण भ्रष्ट नेता, अधिकारी एवं कर्मचारी भी हैं।

## आज का विचार

सफलता का आशीर्वाद
केवल उन्हें ही मिलता है
जिन्होंने कभी संघर्ष के क़दमों
को स्पर्श किया हो

भारत संवाद




**मेष राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र में तनाव रह सकता है, संयम रखें। बिजनेसः व्यापार में उतार-चढ़ाव रहेगा, निवेश सोच-समझकर करें। धनः धन हानि से बचने के लिए सोच-समझकर खर्च करें। शिक्षाः एकाग्रता की कमी रह सकती है, ध्यान केंद्रित करें।

**वृषभ राशि :** करियरः करियर में सकारात्मक बदलाव आएंगे, नए अवसर मिलेंगे। बिजनेसः व्यापार में नए साझेदार मिल सकते हैं। धनः आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लाभ मिलेगा। शिक्षाः विद्यार्थी नई दिशा में सोच सकते हैं। लव/पारिवारिकः परिवार में खुशी और शांति बनी रहेगी। उपायः शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

**मिथुन राशिः** करियरः दिन तनावपूर्ण हो सकता है, सावधानी से निर्णय लें। बिजनेसः रुकी हुई डील करते समय सतर्क रहें। धनः आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, फिजूलखर्ची से बचें। शिक्षाः पढ़ाई में फोकस बनाए रखना आवश्यक होगा। लव/पारिवारिकः पुराने मित्र से मुलाकात से मन प्रसन्न होगा।

**कर्क राशि :** करियरः करियर में अस्थिरता रह सकती है, संयम से काम लें। बिजनेसः साझेदारी में कार्य करते समय सतर्क रहें।धनः आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है, खर्चों पर नियंत्रण रखें।शिक्षाः पढ़ाई में रुचि कम हो सकती है। लव/ पारिवारिकः पारिवारिक तनाव से बचें, सकारात्मक संवाद करें।

**सिंह राशिः** करियरः कार्य में भागदौड़ रहेगी, परिणाम अच्छे मिलेंगे। बिजनेसः व्यापार में लाभ संभव है, नई डील हो सकती है।धनः अच्छा लाभ मिल सकता है, खर्च सोच-समझकर करें। शिक्षाः नई चीजें सीखने का अवसर मिलेगा। लव/पारिवारिकः परिवार से सहयोग मिलेगा, नई वस्तु की खरीदारी संभव।

**कन्या राशि :** करियरः जिम्मेदारियों में वृद्धि हो सकती है, सतर्क रहें। बिजनेसः किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। धनः आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है, सोच-समझकर खर्च करें। शिक्षाः ध्यान भटकेगा, पढ़ाई में मन लगाने का प्रयास करें। लव/पारिवारिकः वरिष्ठों की सलाह को अनदेखा न करें।

**तुला राशि :** करियरः कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है।बिजनेसः सावधानी से कार्य करें, कोई बड़ा निर्णय न लें।धनः फिजूल खर्ची से बचें, बजट बनाकर चलें। लव/पारिवारिकः पिताजी की सेहत का ध्यान रखें।उपायः किसी कन्या को मिठाई खिलाएं।

**वृश्चिक राशिः** करियरः स्थिरता बनाए रखें, जल्दबाजी में बदलाव न करें। बिजनेसः साझेदारी में कार्य शुरू करने से बचें। धनः उधार देने से बचें, धन अटक सकता है।शिक्षाः पढ़ाई में मन कम लग सकता है।

**धनु राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र में प्रसन्नता मिलेगी, सकारात्मक सोच रखें।बिजनेसः नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय उत्तम है।धनः योजना से लाभ मिल सकता है।शिक्षाः कोई महत्वपूर्ण रिजल्ट आपको खुशी देगा। लव/पारिवारिकः जीवनसाथी संग वाद-विवाद समाप्त होगा।

**मकर राशि :** करियरः कार्य में उत्साह रहेगा, नई प्रेरणा मिल सकती है। बिजनेसः निवेश के लिए दिन उत्तम है। धनः अचानक खर्चों की संभावना है। शिक्षाः पढ़ाई में रुकावटें संभव हैं, फोकस बनाए रखें।

**कुंभ राशिः** करियरः रुके कार्य पूरे होंगे, आत्मविश्वास बढ़ेगा। बिजनेसः नई साझेदारी लाभदायक रहेगी।धनः घर में खुशी का माहौल रहेगा, खर्च संतुलित रखें।शिक्षाः नई जानकारी से लाभ होगा। लव/पारिवारिकः भाई-बहनों से संबंध सुधरेंगे उपायः कुँवारी कन्या को उपहार दें।

**मीन राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र में उतार-चढ़ाव संभव, सतर्क रहें।बिजनेसः बड़ा ऑफर हाथ से निकल सकता है। धनः वित्तीय अनिश्चितता हो सकती है, बचत जरूरी।शिक्षाः परीक्षा परिणाम शुभ हो सकता है।लव/पारिवारिकः माता से वाद-विवाद हो सकता है, संयम रखें।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# केरल से कुछ सीखें अन्य सरकारें, मजहबी मान्यताओं के ठेकेदारों पर लगाम जरूरी

> यह सही है कि इससे संबंधित व्यापक अनुभव एवं आंकड़े उपयोगी होंगे लेकिन नीतियों को लागू करने का मामला किसी की मनमानी के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तमाम वैज्ञानिक साक्ष्य यही पुष्ट करते हैं कि नियमित एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को अच्छा महसूस कराने में कारगर साबित होती है।

पा छात्रों की सेहत और सकारात्मकता से जुड़ी केरल शिक्षा विभाग की जुंबा जैसी पहल बहुत सराहनीय है। ऐसी पहल की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। एक्सरसाइज यानी किसी प्रकार की कसरत सरीखी गतिविधि तनाव बढ़ाने वाले कार्टिसोल जैसे हार्मोन को घटाने में बड़ी मददगार होती है। तनाव बढ़ने पर ही अक्सर बच्चे और किशोर नशाखोरी की गिरफ्त में आ जाते हैं। ऐसे में संगीत की थाप पर चलने वाली जुंबा जैसी गतिविधि बहुत उपयोगी प्रतीत होती है। यह बच्चों एवं किशोरों को किसी भौतिक सजा के बजाय आनंद की अधिक अनुभूति कराती है। राज्य में बीते दो वर्षों के दौरान नाबालिगों में नशाखोरी से जुड़े मामले बढ़े हैं, उसे देखते हुए एक अनुभव आधारित व्यावहारिक समाधान की आवश्यकता महसूस हो रही है, जिसे हर कक्षा में सहजता से लागू किया जा सके। हर अच्छी पहल में खलल डालने के लिए कुछ विघ्नसंतोषी सदैव सक्रिय रहते हैं। जुंबा डांस मामले में भी ऐसा ही हुआ और विजडम इस्लामिक आर्गेनाइजेशन नाम की संस्था इसके विरोध में उतर आई। संस्था के महासचिव टीके अशरफ ने जुंबा को डीजे शैली वाला बताते हुए कहा कि इसमें लड़के-लड़कियां अधनंगे होकर नाचते हैं। एक अन्य संगठन-समस्ता से जुड़े मौलवियों ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए




जुंबा को अश्लील करार दिया। इस चौंकाने वाली आलोचना का सरोकार इस शैली या सार्वजनिक स्वास्थ्य से न होकर हया जैसी इस्लामिक मान्यता से कहीं ज्यादा था।जब ऐसी मजहबी दलीलों का मजाक बनाया जाने लगा तो विरोध करने वालों ने स्वर बदलते हुए इस मामले में परामर्श और दीर्घकालिक अध्ययन की दुहाई देनी शुरू कर दी। यह और कुछ नहीं अपनी मूल मंशा को छिपाने के लिए गोलपोस्ट बदलने जैसा था, जिसमें कथित नैतिक आग्रह जुड़े हुए थे।यह धारणा मुझे स्वीकार्य नहीं कि पाठ्यक्रम में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को लेकर एक निर्वाचित सरकार मजहबी मान्यताओं के ठेकेदारों की अनुमति पर निर्भर होकर रह जाए। इससे पंथनिरपेक्षता की पूरी संकल्पना ही विकृत हो जाएगी। इससे न केवल धार्मिक-मजहबी मामलों से राज्य को दूर रखने के सिद्धांत को ठेस पहुंचेगी, बल्कि वह नीति भी वैधता प्राप्त करती जाएगी कि जब तक मजहबी ठेकेदार हरी झंडी नहीं दिखाएंगे, तब तक कोई नीति सिरे नहीं चढ़ पाएगी। किसी हिंदू, ईसाई या पंथनिरपेक्ष सांस्कृतिक संगठन ने जुंबा का विरोध नहीं किया। आम तौर पर कट्टर समझे जाने वाले मुस्लिम संगठन ने ही ऐसा किया। धार्मिक-मजहबी प्रविधान निजी संस्थाओं के दायरे में तो स्वीकार्य हो सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्कूलों में उन्हें चीजों को निर्धारित करने की निर्णायक शक्ति नहीं दी जा सकती। यह आरोप भी गले नहीं उतरता कि जुंबा की लैटिन अमेरिकी जड़ें सांस्कृतिक आक्रमण करती हैं। देखा जाए तो केरल में इस्लाम का आगमन ही समुद्री मार्ग से हुआ। जिन्हें फिटनेस से जुड़ी एक विदेशी पद्धति अपनाने में खोट दिखता है, उन्हें आयातित मजहब, स्मार्टफोन और खाड़ी से आने वाले चेक स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं दिखता। यह भी गजब की बौद्धिक कलाबाजी है।

यदि वाकई में बच्चों के समग्र हितों को प्राथमिकता देनी है तो रूढ़िवादी समूहों को तत्काल साफ-सफाई शुरू करनी होगी।केरल की मस्जिदों में मी टू यानी यौन शोषण के मामले चर्चित हुए हैं। हज और उमरा के दौरान भी ऐसे आरोप सुनाई पड़े। केरल की अदालतों ने मदरसा शिक्षकों को यौन शोषण के मामलों में सजा भी सुनाई है। इसके बावजूद एक फिटनेस गतिविधि का विरोध किया जा रहा है और मजहबी स्थलों में हो रहे अपराधों पर चुप्पी साधी जा रही है। यह नैतिक उलटबांसी को ही उजागर करता है। जुंबा को लेकर वाम नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। मंत्रियों ने दो-टूक कहा कि बाहरी तत्व नीतियों को निर्धारित नहीं कर सकते। जुंबा आलोचकों को आड़े हाथों लेकर यह भी कहते हुए सुना गया कि तालिबानी मानसिकता वाले लोग उस राज्य में अपनी पैठ मजबूत करना चाहते हैं, जो अपनी उच्च साक्षरता एवं सामाजिक सूचकांकों पर गर्व करता है। यह भाषा भले ही थोड़ी तीखी हो, लेकिन तुलना उपयुक्त है। तिलमिलाए आलोचक अब विशेष रूप से नशे से दूर रखने में जुंबा की उपयोगिता साबित करने वाले अध्ययनों पर जोर दे रहे हैं। यह सही है कि इससे संबंधित व्यापक अनुभव एवं आंकड़े उपयोगी होंगे, लेकिन नीतियों को लागू करने का मामला किसी की मनमानी के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। तमाम वैज्ञानिक साक्ष्य यही पुष्ट करते हैं कि नियमित एरोबिक एक्सरसाइज व्यक्ति को अच्छा महसूस कराने में कारगर साबित होती है। अगर कट्टरपंथियों को नशामुक्ति के और कुछ अन्य उपाय प्रभावी लगते हैं तो वे अपने संस्थानों में उन्हें आजमाने एवं उनके साक्ष्य दर्शाने के लिए स्वतंत्र हैं। तब तक जुंबा के प्रभाव और उसकी उपयोगिता को लेकर उनके सवाल कुछ और नहीं, बल्कि इसे टालने की तिकड़म ही अधिक लगेंगे।जुंबा को लेकर व्यापक प्रतिक्रिया दर्शाती है कि इसे हाथोंहाथ लिया जा रहा है। केरल में कई जिलों में अभिभावक बच्चों को जुंबा सत्रों में भेजने के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। तमाम आनलाइन सर्वे में भी इस पहल को व्यापक समर्थन मिला है। समाज ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। यह एक प्रकार की लोकतांत्रिक प्रतिरोधक प्रतिक्रिया है, जो इसी तरह व्यक्त की जानी चाहिए

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**ललित गर्ग**

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ ह्यकायरतापूर्णह्ल आतंकवादी हमला भारत की ह्यआत्मा, पहचान और गरिमाह्ल पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की




भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था- अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेररिज्म (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राजील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।

भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरूआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती।

बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

# भाषा और जातीय सोच का कुरूप चेहरा

**(डॉ.सुधाकर आशावादी)**

मराठी मानुष के नाम पर हिंदी भाषा भाषियों के साथ अभद्रता, उत्तर प्रदेश में जाति के नाम पर घृणा और द्वेष उत्पन्न करने का निकृष्ट खेल यही जताने में समर्थ प्रतीत होता है कि जब खानदानी विरासत में मिली राजनीति को उत्तराधिकारी संभाल नहीं पाते, तब सत्ता सुख से वंचित होते ही वे सत्ता की चाहत हेतु छटपटाने लगते हैं तथा जनता द्वारा नकारे जाने के बाद भी येन केन प्रकारेन सत्ता हथियाने की फिराक में लग जाते हैं। भले ही इसके लिए उन्हें जातीय विघटनकारी चालें चलनी पड़ें या भाषा का विवाद उत्पन्न करके समाज को बाँटने का षड्यंत्र रचना पड़े। मुंबई महाराष्ट्र में हाशिए पर चली गई शिव सेना तथा अपने अलग तेवर के लिए कुख्यात महाराष्ट्र नव निर्माण सेना अपने मूल उद्देश्य से भटक कर बाला साहेब ठाकरे की नीतियों के विरुद्ध जाकर जिस प्रकार से महाराष्ट्र में अराजकता का नंगा नाच कर रही है, वह किसी से छिपा नही है। मराठी मानस के नाम से महाराष्ट्र में गैर मराठी भाषा भाषियों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है तथा गैर मराठी भाषा भाषियों के प्रति भी अपना दोहरा चरित्र दर्शा रही है। उससे लगता है कि इन दोनों दलों का सर्वनाश सुनिश्चित है। देश भर के गैर मराठी भाषा भाषी कलाकारों के आलीशान महलों पर टेढ़ी नजर डालने की इनकी हिम्मत नहीं होती तथा गैर सनातनी आबादियों में गैर हिंदुओं के विरुद्ध भाषा के नाम पर मुँह खोलने में इन्हें अपना राजनीतिक नुकसान दिखाई देता है, सो ये केवल उत्तर भारतीयों, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रोजी रोटी की तलाश में महाराष्ट्र में रहने वाले हिंदी भाषा भाषियों पर हमले करके अपनी कायरता का परिचय देने तक सीमित रहते हैं। बहरहाल संकीर्ण कायरता पूर्ण राजनीति का इससे बड़ा उदाहरण और कोई नहीं हो सकता। दुहाई देते हुए मनसे और शिव सेना ये क्यों भूल जाते हैं, कि जिस प्रकार उत्तर और मध्य भारत के श्रमिक महाराष्ट्र में आजीविका कमा रहे हैं, उसी प्रकार उत्तर व मध्य भारत में महाराष्ट्र के मराठी मानुष भी अपनी आजीविका कमा रहे हैं। यदि उन क्षेत्रों में भाषा के नाम पर मराठी मानुषों के साथ भी अभद्रता की जाए, तब क्या वे ऐसी अभद्रता का सम्मान करेंगे ? विगत दिनों बैंगलोर में भी एक बैंक अधिकारी को भाषा के नाम पर विवाद का शिकार बनाया गया। ऐसा अक्सर भारत में ही नही अपितु विश्व भर में अपना विशेष स्थान रखने वाली हिंदी भाषा भाषियों के साथ ही हो रहा है। यही नहीं उत्तर प्रदेश और बिहार आजकल जातीय विघटन के क्षेत्र में प्रयोगशाला बने हुए है। एक जाति के समर्थन में जातिवादी समाजवादी पार्टी जाति संघर्ष को हवा दे रही है, जबकि यदि इनकी जाति के लोग अगड़ों और दलितों पर अत्याचार करते हैं, तब यह विघटन कारी दल मौन धारण कर लेता है। दोगले पन का इससे निकृष्ट उदाहरण भी कहीं अन्यत्र नहीं मिल सकता। विडम्बना यह भी है कि विपक्ष के नाम पर जूतों में बंटी दाल की तरह वंश वादी राजनीतिक दलों के इंडी गठबंधन को अपने ही गठबंधन के दलों की इन विघटन कारी हरकतों पर कोई लज्जा नहीं आती। बात बात पर देश के संविधान को खतरे में बताने वाली कांग्रेस, तृण मूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल भी इस भाषायी विवाद पर चुप्पी साधे हुए हैं, इसका आशय क्या यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि समूचा इंडी गठबंधन ही इन विघटन कारी कृत्यों की पीठ थपथपा कर देश में अराजकता और अशांति फैलाने में मुख्य भूमिका निभा रहा है। विचारणीय बिंदु यह भी है कि आखिर कब तक भारत का जनमानस क्षेत्र, भाषा और जाति के नाम पर विघटन कारी तत्वों के षड्यंत्रों का शिकार होता रहेगा ?

# 'जो करना है कर लो... मैं हिंदी-भोजपुरी बोलूंगा, मराठी नहीं', मीरा रोड के बाद विरार के रिक्शा चालक का वीडियो वायरल

**विरार में एक रिक्शा चालक की ओर से मराठी बोलने से इंकार करने और केवल हिंदी और भोजपुरी में बात करने का रुख अपनाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। विरार रेलवे स्टेशन के बाहर हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः विरार में एक रिक्शा चालक का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वह मराठी बोलने से इनकार कर रहा है। रिक्शा चालक कह रहा है कि वह सिर्फ हिंदी और भोजपुरी बोलेगा। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। मीरा भाईंदर में भी हिंदी-मराठी को लेकर झड़पें हुई हैं। उधर, यह पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई है और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वीडियो में क्या ?दरअसल विरार रेलवे स्टेशन के बाहर एक रिक्शा चालक और एक बाइक सवार के बीच बहस हो गई। बहस मराठी भाषा बोलने को लेकर थी। रिक्शा चालक ने मराठी बोलने से इनकार कर दिया। उसने गुस्से में कहा कि वह सिर्फ हिंदी बोलेगा। वीडियो में रिक्शा चालक यह कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि मैं हिंदी बोलूंगा, भोजपुरी बोलूंगा। तुम्हें जो करना है करो। मैं हिंदी में बात कर रहा हूं। मुझे मराठी में बात नहीं करनी है। हिंदी में बात करूंगा। मीडिया को बुलाओ। हिंदी में बात करूंगा। कैसे बात करता है तू, मैं मराठी नहीं, हिंदी में बात करूंगा।युवक को दी गालीआखिर में परेशान होकर युवक कहता है कि हां, मेरी गलती हो गई भाई, जाने दो यार। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि रिक्शा चालक गाली भी दे रहा है।

# उद्धव ठाकरे के 'मुंबई मेयर' वाले बैनर हटाए जाने पर भड़के शिंदे गुट के शिवसैनिक, पुलिस से हाथापाई

**'हिंदी शक्ति' के मुद्दे पर ठाणे में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। उद्धव ठाकरे की आलोचना के बाद एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने टेंभी नाका पर उद्धव ठाकरे के कैरिकेचर वाले बैनर लगाए। इसके चलते इलाके में तनाव पैदा हो गया और ट्रैफिक जाम हो गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मंबई\ठाणेः ठाणे में सोमवार को शिवसेना के कार्यकताओं ने उद्धव ठाकरे का एक व्यंग्य चित्र वाला बैनर लगाया। इससे इलाके में तनाव फैल गया। यह बैनर टेंभी नाका पर लगाया गया था। ठाकरे बंधुओं के 'हिंदी शक्ति' पर 'विजय रैली' करने के बाद शिवसेना ( एकनाथ शिंदे गुट) आक्रामक हो गई। ठाणे महानगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी दस्ते और पुलिस ने मिलकर इस बैनर को हटाया। इस दौरान शिवसेना कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इससे टेंभी नाका पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। वाहन चालक और आम नागरिक परेशान हो गए।

## क्या है विवाद?

दरअसल, 5 जुलाई को ठाकरे बंधुओं ने मुंबई में एक साथ आकर मराठी मुद्दे पर एकता दिखाई थी। इस रैली में उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा था। इससे शिवसेना के कार्यकर्ता नाराज हो गए थे। इसलिए शिंदे के इलाके ठाणे के टेंभी नाका पर उद्धव ठाकरे का व्यंग्य चित्र वाला बैनर लगाया गया। बैनर पर लिखा था, 'मराठी माणसाची एकजूट अशीच राहू द्या'। इसका मतलब है, मराठी लोगों की एकता ऐसी ही बनी रहे। बैनर में यह संदेश भी दिया गया कि उद्धव ठाकरे मुंबई पालिका के खजाने और महापौर के पद को ललचाई नजरों से देख रहे हैं'

## शिवसेना का हंगामा

टेंभी नाका शिवसेना शाखा के प्रमुख निखिल बुडजडे और युवा सेना के नितिन लांडगे, ऋषिकेश माने, जितेश गुप्ता ने यह बैनर लगाया था। पुलिस और ठाणे पालिका की टीम तुरंत बैनर हटाने के लिए पहुंची। शिवसेना और युवा सेना के कार्यकर्ता भी टेंभी नाका पर जमा हो गए। उन्होंने कहा कि वे किसी भी कीमत पर बैनर को हटाने नहीं देंगे। इससे वहां पर बहुत हंगामा हुआ। शिवसेना के ठाणे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख हेमंत पवार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बैनर हटाने का विरोध किया।टेंभी नाका इलाके में ट्रैफिक जामइस वजह से टेंभी नाका इलाके में बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम हो गया।

फास्ट ट्रैक

# प्राइवेट वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूले तीन करोड़, परेशान CA ने छोड़ी दुनिया, सुसाइड नोट में लिखा सबकुछ

**मुंबई में शरीरिक संबंध बनाकर फिर निजी वीडियो के जरिए ब्लैकमेल और वूसली की खौफनाक घटना सामने आई है। लड़की के लगातार ब्लैकमेल करने पर सीए ने आखिर में सुसाइड कर लिया। सीए ने तीन पेज के सुसाइड नोट सबकुछलिखा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई में प्राइवेट वीडियो से ब्लैकमेल किए जाने के बाद सुसाइड की सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से तीन करोड़ रुपये की मोटी रकम गंवाने के बाद आखिर में दुनिया छोड़ दी। चार्टर्ड अकाउंटेंट ने जहर खाकर जान देने से पहले तीन पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। चार्टर्ड अकाउंटेंट की पहचान राजलील मोरे के तौर पर हुई है। चार्टर्ड अकाउंटेंट की उम्र 32 साल थी। पुलिस पूरी घटना के खुलासे के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। राज लीला मोरे ने सुसाइड नोट दो लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। इसमें सबा कुरैशी और राहुल परवानी शामिल हैं। जिन्होंने उनके निजी वीडियो को लीक करने की धमकी दी थी। ऐसा कहा जा रहा है कि राज और सबा कुरैशी सोशल मीडिया के जरिए मिले। उनके बीच शारीरिक संबंध थे। उसने और उसके परिचित राहुल ने उसके निजी पलों का वीडियो बना लिया। उन्होंने उसका निजी वीडियो लीक करने के लिए उसे ब्लैकमेल किया। राजा लीला मोरे सांताक्रूज इलाके में रहते थे।

## लग्जरी कार भी छीन ली थी

चार्टर्ड अकाउंटेंट ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि नोट में उल्लेख किया गया है कि राहुल परवानी और सबा कुरैशी ने पिछले 18 महीनों में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर मोरे से रुपये ऐंठे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को मोरे के शेयर बाजार में भारी निवेश और चार्टर्ड अकाउंटेंट के तौर पर उनकी उच्च वेतन वाली नौकरी के बारे में पता था। धमकी देकर उन्होंने मोरे को उनकी कंपनी के खाते से बड़ी रकम अपने निजी खातों में ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उनसे जबरन एक लग्जरी कार भी छीन ली।

## मां ने कहा मानसिक तनाव में था

अधिकारियों ने मोरे के कमरे से तीन पन्नों का सुसाइड नोट बरामद किया, जिसमें से एक उसकी मां को समर्पित था। नोट में उसने माफी मांगी और अपने परिवार से अपना ख्याल रखने को कहा। दूसरे पन्ने पर मोरे ने अपने सहकर्मियों को लिखा। दीपा लखानी आज मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं, क्योंकि मैंने आपका भरोसा तोड़ा है, लेकिन यकीन मानिए, यह आखिरी बार था। मेरा आपका भरोसा तोड़ने का कोई इरादा नहीं था। मैंने जो भी धोखाधड़ी की, वो मैंने खुद की, किसी को कुछ पता नहीं चला। मैंने स्टेटमेंट ( खाते ) में हेराफेरी नहीं की। श्वेता और जयप्रकाश को बिल्कुल भी पता नहीं था कि क्या हो रहा है। कृपया उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें। मोरे की मां ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ महीनों से मानसिक तनाव में था।

## मैं आज सुसाइड कर रहा हूं...

चार्टर्ड अकाउंटेंट ने तीसरे पेज पर मोरे ने अपनी मौत के लिए राहुल और सबा को जिम्मेदार ठहराया। मोरे ने लिख है कि मैं राज मोरे, आज आत्महत्या कर रहा हूं। मेरी आत्महत्या के लिए राहुल परवानी जिम्मेदार है। उसने मेरे साथ हेराफेरी की और मुझे महीनों तक ब्लैकमेल किया। उसने मुझे मेरी बचत खत्म करने के लिए मजबूर किया और मेरे कंपनी अकाउंट से पैसे चुराए।

# ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, वापी रेलवे स्टेशन पर उत्तर की ओर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज की लॉन्चिंग तथा अतुल स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज के लिए गर्डरों की लॉन्चिंग हेतु गुरुवार यानी 10 जुलाई, 2025 को 11:25 बजे से 13:45 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइनों पर लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के कारण प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः-

10 जुलाई, 2025 को निरस्त होने वाली ट्रेनेंः

1. उमरगाम रोड से 14:10 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 69153 उमरगाम रोड- वलसाड मेमू
2. वलसाड से 12:00 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 69154 वलसाड-उमरगाम रोड मेमू

10 जुलाई, 2025 को रेगुलेट होने वाली ट्रेनेंः

1. 10 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल 01 घंटा 30 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
2. 10 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19015 दादर-पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 01 घंटा 20 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
3. 10 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्वराज एक्सप्रेस 50 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
4. 10 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना सुपरफास्ट स्पेशल 50 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
5. 09 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12926 अमृतसरझमुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 2 घंटे 05 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
6. 10 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22954 अहमदाबादझमुंबई सेंट्रल गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 घंटा 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
7. 09 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल 1 घंटा 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।
8. 09 जुलाई, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा झ बांद्रा टर्मिनस स्वराज एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट की जाएगी।

10 जुलाई, 2025 को शॉर्ट टर्मिनेट/ आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनेंः

ट्रेन संख्या 59045 मुंबई सेंट्रल-वापी पैसेंजर भिलाड स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा भिलाड और वापी स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

तदनुसार, ट्रेन संख्या 59040 वापी-मुंबई सेंट्रल पैसेंजर वापी के बजाय भिलाड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसलिए, यह ट्रेन वापी और भिलाड स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

# तारा-सितारा हैं बेरोजगार... 'निरहुआ' ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर हमले को लेकर उद्धव-राज ठाकरे पर साधा निशाना

**भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। छपरा में फिल्म प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गंदी राजनीति है, क्योंकि महाराष्ट्र में निकाय चुनाव आने वाले हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने महाराष्ट्र में हिंदी बोलने वालों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे गंदी राजनीति बताया है। निरहुआ ने यह बात छपरा में फिल्म प्रमोशन के दौरान कही। उनका कहना है कि महाराष्ट्र में आने वाले निकाय चुनावों के कारण ऐसा हो रहा है। निरहुआ ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों तारा-सितारा बेरोजगार हैं। इनके पास न कोई सांसद है, न विधायक। न ही राज्यसभा में कोई सीट। इनका राजनीतिक करियर पूरी तरह खत्म हो चुका है।

## 'लोगों की भावनाएं भड़काकर माहौल बिगाड़ रहे ये नेता'

निरहुआ ने आरोप लगाया कि ये नेता चुनाव से पहले लोगों की भावनाएं भड़काकर माहौल बिगाड़ रहे हैं और हिंदी भाषियों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर इनकी इस राजनीति को यहीं नहीं रोका गया तो अंजाम खतरनाक हो सकता है। कांग्रेस सरकार के समय भी ऐसा हुआ था, लेकिन अब देश में मोदी जी की सरकार है। अगर अब भी ऐसे हमले होते हैं तो देश का भरोसा उठ जाएगा।

## आम लोगों से अपील

उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस तरह की राजनीति का विरोध करें। निरहुआ ने सवाल उठाया कि ये लोग सिर्फ गरीबों को ही क्यों निशाना बनाते हैं। कोई रिक्शा चला रहा है, कोई ठेला, तो कोई अपनी रोजी-रोटी कमा रहा है, और आप उन्हीं को इस तरह मार रहे हैं। अगर आपको दम दिखाना है तो बड़े लोगों में दिखाओ। गरीब लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है।

## हिंदी बोलता हूं, तो मुझे भगाकर दिखाओ-निरहुआ

निरहुआ ने कहा कि मैं खुद 2008 से महाराष्ट्र में रह रहा हूं, हिंदी बोलता हूं, तो मुझे भगाकर दिखाओ। 2008 में तो मैं नेता भी नहीं था

# खेलते समय खिड़की से लटकी 4 साल की बच्ची, पुणे में चौंकाने वाली घटना

**महाराष्ट्र के पुणे में एक बड़ा हादसा टल गया है। एक चार साल की बच्ची तीसरी मंजिल की खिड़की से गिरने वाली थी। तभी अग्निशमन दल के जवान योगेश अर्जुन चव्हाण ने बहादुरी दिखाते हुए उसकी जान बचाई। बच्ची की मां उसे घर पर अकेला छोड़कर गई थी। यह घटना कात्रज इलाके में हुई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : अक्सर देखा जाता है कि माता-पिता छोटे बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर चले जाते हैं। कई बार बच्चे उत्सुकतावश कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिससे उनकी जान खतरे में पड़ जाती है। ऐसा ही एक मामला पुणे में सामने आया है। एक चार साल की बच्ची खेलते हुए तीसरी मंजिल की खिड़की से बाहर निकल गई। वह तीसरी मंजिल की खिड़की से गिरने वाली थी। तभी अग्निशमन दल के जवान योगेश अर्जुन चव्हाण ने बहादुरी दिखाते हुए उसकी जान बचाई। बच्ची की मां उसे घर पर अकेला छोड़कर गई थी। यह घटना कात्रज इलाके में हुई।

## क्या है पूरा मामला?

यह घटना सुबह 9 बजकर 6 मिनट पर हुई। कात्रज के गुजर निंबाळकरवाडी खोपडे नगर में सोनवणे बिल्डिंग में यह हादसा हुआ। उमेश सुतार नाम के एक व्यक्ति ने चिल्लाने की आवाज सुनी। अग्निशमन दल के तांडेल योगेश चव्हाण तुरंत बाहर आए। उन्होंने देखा कि भाविका चांदणे नाम की एक बच्ची खिड़की में फंसी हुई है। घर पर कोई नहीं था। उसकी मां दूसरी बेटी को स्कूल छोड़ने गई थी। योगेश चव्हाण ने बताया कि उन्होंने बिना देर किए बच्ची के घर की तरफ दौड़ लगाई। वह तुरंत तीसरी मंजिल पर पहुंचे। लेकिन घर पर ताला लगा हुआ था। उन्होंने बच्ची की मां का इंतजार किया। जैसे ही मां ने दरवाजा खोला। योगेश ने बच्ची को खिड़की से अंदर खींच लिया।

## जान बचाने वाले ने क्या कहा?

योगेश चव्हाण ने कहा कि मैंने सोनवणे बिल्डिंग की तरफ दौड़ लगाई। मैं इमारत की तीसरी मंजिल पर पहुंचा। उन्होंने आगे कहा कि मां से दरवाजा जल्दी से खुलवाया और उस बच्ची को बेडरूम की खिड़की से घर में खींच लिया और उसकी जान बचाई। योगेश चव्हाण तांडेल ( अग्निशमन दल, पुणे ) में हैं। उनके इस बहादुरी भरे काम से एक बच्ची की जान बच गई।

## माता-पिता से अपील

अग्निशमन दल ने माता-पिता से अपील की है कि वे अपने बच्चों के प्रति लापरवाह न रहें। बच्चों को घर पर अकेला न छोड़ें। हमेशा उनका ध्यान रखें।

## गुजरात में अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का 16वां रिवर पुल बनकर तैयार

अहमदाबादः गुजरात-महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना का काम अब काफी तेज गति से पूरा हो रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए दमन गंगा नदी पर पुल का निर्माण पूरा किया गया है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए पूरा होने वाला यह सोलहवां नदी पुल है। यह पुल गुजरात के वलसाड जिले में दमन गंगा नदी बनाया गया है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत गुजरात में कुल 21 पुलों का निर्माण किया जाना है।

**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत एवं नवीनीकरण**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/145, दि. 04.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई सेंट्रल – बोंबार्की – बोंबार्की में आंतरिक एवं बाहरी नवीनीकरण सहित हेरिटेज टाइप रूफ, ट्रस की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 24558086.44/-, **ईएमडी** : रु. 272800.00/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 29.07.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 29.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0368

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/42/2025 दिनांक : 04.07.2025

| अ. क्र. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 349 | एक्सल बॉक्स पिवोट बुश | 11531 नग | 31-जुलाई-25 |
| 350 | केईओ प्रकार के डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व हेतु पीओएच किट | 8027 सेट | 31-जुलाई-25 |
| 351 | एल्युमिनियम पेंट | 36915 लीटर | 04-अगस्त-25 |
| 352 | बीजी 60E1 रेल सेक्शन के लिए 1 इन 8.5 वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग | 74 सेट | 04- अगस्त -25 |
| 353 | आईआर-डीआरडीओ बायो टॉयलेट टैंकों के लिए अनएरोबिक माइक्रोबियल इनोकुलम (सीडिंग बैक्टीरिया) | 722350 लीटर | 05-अगस्त -25 |
| 354 | पैंटोग्राफ हेतु ओवरहॉलिंग किट | 90 सेट | 05-अगस्त -25 |
| 355 | लेबिरिंथ और बियरिंग कैप व क्लैम्प प्लेट (एनडीई) का सेट | 128 सेट | 05- अगस्त -25 |
| 356 | वाइडर स्लीपर के लिए हाई विस्कस नायलॉन (एचवीएन)-66 इंसुलेटिंग लाइनें | 369170 सेट | 07-अगस्त -25 |
| 357 | एम.एस. ब्लैक हेक्सागन हेड बोल्ट | 54806 किग्रा | 11- अगस्त -25 |
| 358 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 114 नग | 14-अगस्त -25 |
| 359 | सेकेंडरी सस्पेंशन हेतु पैड | 1959 नग | 25-अगस्त -25 |
| 360 | सीटीआरबी हेतु साइड फ्रेम की | 155604 नग | 27- अगस्त -25 |
| 361 | बीसीएनएचएल वैगनों के लिए दो भागों वाला स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 400 नग | 28- अगस्त -25 |
| 362 | यॉ डैम्पर | 3249 नग | 01-सितंबर-25 |
| 363 | प्राइमरी वर्टिकल डैम्पर | 14258 नग | 03-सितंबर-25 |
| 364 | संशोधित इलास्टोमेरिक पैड (डिझाईन-ए) | 209207 नग | 04-सितंबर-25 |
| 365 | सेकेंडरी वर्टिकल डैम्पर | 1797 नग | 05-सितंबर-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया **निविदा सूचना क्र. एस-37-2025 दिनांक 17-06-2025** के लिए **अ.क्र. 312** की नियत तिथि को "10.07.2025" पढ़ा जाए.

ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों संबंधी अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 0371

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

CHANGE OF NAME

I, Manish Gordhandas Jhaveri s/o Gordhandas Pannalal Jhaveri here by declare that I have changed my name. So from now on and to the future I will be known by my new name Manish Jhaveri s/o Gordhandas Pannalal Jhaveri.

Manish Jhaveri s/o
Gordhandas Pannalal Jhaveri

Address : 501-B Poonam Appartment Dr. Annie Besani Road Worli, Mumbai 400018

# कल्याण ट्रैफिक पुलिस पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप , नागरिकों में आक्रोश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण। कल्याण ट्रैफिक पुलिस पर दोपहिया वाहन चालकों से अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगे हैं। कल्याण रेलवे स्टेशन से मुरबाड रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर कोर्ट के पास वाले चौराहे और शिवाजी चौक पर यह 'वसूली ऑपरेशन' खुलेआम चल रहा है। पीड़ित वाहन चालकों और गैरेज मालिकों ने नाम न छापने की शर्त पर अपनी व्यथा साझा की है, जिससे यह मामला सुर्खियों में आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चार से पाँच पुलिसकर्मी और ट्रैफिक वार्डन वाहन चालकों को रोककर उनकी जांच करते हैं। यदि कोई छोटी-मोटी गलती पाई जाती है, तो उन्हें भारी भरकम चालान की धमकी दी जाती है। इसके बाद ट्रैफिक वार्डन चालक के साथ बाइक पर बैठकर कथित तौर पर ऑफिस ले जाता है। यहीं से शुरू होता है कथित अवैध वसूली का असली खेल।

चालक को हजारों रुपये के जुमार्ने का डर दिखाकर बिना किसी रसीद के नकद पैसे लेकर छोड़ दिया जाता है।इस अवैध वसूली से लोगों में न केवल भय का माहौल है, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति गुस्सा भी बढ़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि किसी वाहन चालक से गलती होती है तो उसे नियमानुसार ऑनलाइन या मौके पर ही रसीद के साथ जुमार्ना किया जाना चाहिए। लेकिन यहां सरकारी राजस्व को जेबों में डालने का सिलसिला चल रहा है।सबसे गंभीर बात यह है कि अवैध वसूली के दौरान पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक वार्डनों की नेमप्लेट झुकी या ढकी होती है, जिससे उनकी पहचान छिपी रहती है। जब कोई व्यक्ति इस मामले में हस्तक्षेप करता है, तो उसे ₹सरकारी काम में बाधा₹ का हवाला देकर मुकदमे की धमकी दी जाती है।अब सवाल यह है कि क्या इस अवैध वसूली रैकेट पर कोई कार्रवाई होगी ? क्या शासन और पुलिस प्रशासन इस पर संज्ञान लेंगे ?

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**
**स्वा. वि. दा. सावरकर मनपा सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पूर्व)**
**ई-निविदा सूचना**
**सामग्री क्रय/कार्य हेतु**
**क्रमांकः एचओ/629/ओडी/एमएचई, दिनांकः 08.07.2025**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | 2025_एमसीजीएम_1198407 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | स्वा. वि. दा. सावरकर मनपा सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पूर्व) में पूर्ण स्वचालित एस.एस. वर्टिकल ऑटोक्लेव डबल ड्रम (01 नग) की मानक उपकरणों सहित आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और क्रियान्वयन करना. |
| निविदा का जांच शुल्क | रु. 1452 + (9% सीजीएसटी और 9% एसजीएसटी) |
| ई-निविदा का शुल्क (अनुमानित लागत) | आइटम दर निविदा |
| बोली सुरक्षा जमाराशि/ईएमडी | रु. 9,000.00 |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की तिथि | 09.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| बोली सुरक्षा जमाराशि की स्वीकृति तथा निविदा की बिक्री की अंतिम एवं समय तथा लिफाफा ए, बी और लिफाफा सी जमा करना (ऑनलाइन) | 17.07.2025 को अपराह्न 16:00 बजे तक |
| पत्राचार हेतु पता | |
| कार्यालय | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वा. वि. दा. सावरकर अस्पताल, महात्मा फुले रोड, मुलुंड (पूर्व), मुंबई – 400081 |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in/nicgep/app |

हस्ता./-
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**स्वा. वि. दा. सावरकर मनपा सामान्य अस्पताल, मुलुंड (पूर्व)**

**पीआरओ/943/विज्ञा./2025-26**

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

**पश्चिम मध्य रेल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों- **Tender No. KOTA/SNT/SIG/2025/16** के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल मे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं.-** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2025/16, **कार्य का नाम-** इनहेन्सिंग रिलायब्लिटी ऑफ ब्लॉक वर्किंग बाय प्रोवाईडिंग यूएफएसबीआई इन कोटा-चित्तौड़गढ़ एण्ड चम्बल-सोगरिया सेक्शन ऑन कोटा डिवीजन। **कार्य की अनुमानित लागत-** ₹ 3,07,62,463.42, **बयाना राशि-** ₹ 3,03,800/-, **तारीख एवं समय-** दिनांक 01.08.2025 को 15:00 बजे तक। **नोट-** पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये। (हस्ता.)

**वरि.मंडल सिग एवं दूरसंचार इंजी. (समन्वय)**
**पश्चिम मध्य रेलवे/कोटा मंडल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.स.-1, निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-104-2025 दिनांक 03.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत बीना-कटनी खंड पर ठेकेदार की पीक्यूआरएस द्वारा सीटीआर 79.011 किमी और टीएसआर 18.656 किमी (कुल 97.667 किमी) का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 19,72,94,714/-, **बयाना राशि रूपये :** ₹ 11,36,500/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक :** 29.07.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 29.07.2025, **क्र.स.-2, निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-105-2025 दिनांक 04.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर और सतना-रीवा खंड में ठेकेदार की पीक्यूआरएस द्वारा एवं अनिवार्य बिंदुओं पर मैन्यूअली सीटीआर 18.90 किमी और टीएसआर 33.35 किमी (कुल 52.25 किमी) का कार्य , **कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 9,85,54,426/-, **बयाना राशि रूपये :** ₹ 6,42,800/-, **समापन अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक :** 29.07.2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि :** 29.07.2025, **नोट :** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# महात्मा गांधी की प्रतिमा के अपमान के खिलाफ मुंब्रा में जोरदार प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , पुणे में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अपमान एक समाज विरोधी तत्व ने किया है। इसके विरोध में और समाज विरोधी तत्व सूरज शुक्ला की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मर्जिया पठान के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों नागरिकों और छात्रों ने भाग लिया। पुणे रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समाज विरोधी तत्व सूरज शुक्ला ने लोहे की छड़ से हमला किया। इस घटना के विरोध में मर्जिया पठान के नेतृत्व में सैकड़ों नागरिकों और छात्रों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने ₹गांधी हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारा कातिल जिंदा है, सूरज शुक्ला पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करो₹ आदि नारे लगाए। इस अवसर पर मरजिया ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अहिंसा का संदेश दिया है। आज विश्व में गांधीवादी दर्शन को महत्व दिया जा रहा है। यहां तक ??कि ओबामा ने भी गांधीवादी विचारों को अपनाया था। महात्मा गांधी के सिद्धांतों के कारण ही भारत को आजादी मिली। लेकिन, जिनका इस देश की आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं है। ऐसे लोग महात्मा गांधी का अवमूल्यन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सूरज शुक्ला ने जो कृत्य किया है। वह नफरत फैलाने वाला है और नफरत फैलाने वाली ऐसी प्रवृत्ति वालों को जेल में डाल देना चाहिए। मरजिया पठान ने कहा। इस आंदोलन में महशर शेख और साकिब दाते सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पानी के लिए कलवा के नागरिकों ने प्रभाग समिति पर किया विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शहर में पानी की कमी होने के बावजूद कलवा का पानी ठाणे भेजा गया, जिससे में बड़ी मात्रा में पानी की कटौती हुई। इसके विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरदचंद्र पवार पार्टी की ओर से शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, महिला अध्यक्ष सुजाता घाग, नताशा आव्हाड के मार्गदर्शन में डॉ. जितेंद्र आव्हाड के नेतृत्व में जोरदार मार्च निकाला गया। इस बार प्रदर्शनकारियों ने प्रभाग समिति कार्यालय के सामने मटके फोड़कर अपना विरोध जताया। ठाणे मनपा क्षेत्र की जनसंख्या 27 लाख है। शहर को प्रतिदिन 616 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति का कोटा है। हकीकत में शहर को प्रतिदिन 585 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। इसमें से 250 मिलियन लीटर पानी मनपा की अपनी जलापूर्ति योजना से, 135 मिलियन लीटर महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल से, 115 मिलियन लीटर स्टेम कंपनी से और 85 मिलियन लीटर पानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका से दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में ठाणे मनपा क्षेत्र में काफी हद तक शहरीकरण हो चुका है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि बढ़ते शहरीकरण की तुलना में शहर में पर्याप्त पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन शहर में पानी की कमी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, चूंकि कलवा को मिलने वाला पानी अब ठाणे में डायवर्ट कर दिया गया है, इसलिए ठाणे मनपा कलवा, खारीगांव, विटावा और डोंगर क्षेत्रों में आम जनता को दैनिक जीवन के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। साथ ही, जो पानी छोड़ा जा रहा है वह मटमैला है। पानी की समस्या आम जनता के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी की ओर से कहा गया कि प्रशासन को जगाने के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है। इन प्रदर्शनकारियों ने खाली बर्तनों के साथ मनपा के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही प्रभाग समिति के सामने मटके फोड़कर विरोध जताया। इस अवसर पर नताशा आव्हाड ने अपना गुस्सा जाहिर किया। एक ओर ठाणे में फ्लाईओवर की रंगाई की जा रही है। लेकिन, अगर पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो रही है। ठाणे में ज्यादा पानी दिया जा रहा है और कलवा को पानी नहीं दिया जा रहा, तो क्या लोग सिर्फ ठाणे में ही रहते हैं? नताशा आव्हाड ने यह सवाल उठाया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल ने चेतावनी दी कि यह मार्च सिर्फ दिखावा है, मुख्य आंदोलन अभी बाकी है। दूसरी ओर, जिला अध्यक्ष सुहास देसाई ने कहा कि ठाणे में अनधिकृत निर्माणों को पानी देने के लिए पानी है। लेकिन, यह अफसोस की बात है कि नागरिकों के लिए पानी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आज कार्यालय में कुर्सियां गर्म करने वाले ये अधिकारी पानी नहीं दे सकते, तो उन्हें कार्यालय में बैठने का कोई अधिकार नहीं है। इस आंदोलन में राजू खारकर, पूजा शिंदे, राजेश साटम, राजेश कदम, संगीता लोकर, साबिया मेमन, मेघा गवटे, राजू शिंदे, समीर नेटके, दिलीप उपाडे, ज्ञानेश्वर राजपंखे, अंकुश माधवी, पद्माकर पाटिल, रिंकू यादव, प्रमोद येरुंकर, सोनाली कदम आदि शामिल हुए।

फास्ट ट्रैक

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव


### तिलहर में राहगीर ने दी सूचना, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। मंगलवार को गांव रुद्रपुर के रेलवे ट्रैक पर एक राहगीर ने युवक को क्षत-विक्षत हालत में देखा। उसने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त न होने के कारण उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम आवास के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप

### जलालाबाद में वार्ड मेंबर पर 9000 रुपए लेकर मकान न बनवाने का आरोप

शाहजहांपुर, जलालाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मोहल्ला गांधीनगर के निवासी अमित गुप्ता ने वार्ड मेंबर आकाश गुप्ता पर आरोप लगाया है। अमित गुप्ता ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वार्ड मेंबर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने के नाम पर 30,000 रुपए मांगे। पीड़ित ने 9,000 रुपए एडवांस में दे दिए। मेंबर ने कहा कि शेष राशि आवास बनने के बाद दे देना। लेकिन जब आवास नहीं बना और पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो मेंबर ने गालियां दीं। साथ ही उनके घर की नगर पालिका की पानी की टंकी हटवाने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पैसे वापसी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी तरफ, वार्ड मेंबर आकाश गुप्ता का कहना है कि उन पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित से केवल 3,600 रुपए पानी के कनेक्शन की फीस के लिए लिए थे। उनका कहना है कि पीड़ित उन्हें बेवजह बदनाम कर रहा है।



# किसान की सड़क हादसे में मौत

### घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक फरार

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर नबदिया, खुदागंज निवासी सियाराम पुत्र चेतराम के रूप में हुई है। घटना मीरानपुर कटरा-खुदागंज रोड पर हुई। सियाराम कटरा बाजार से खरीदारी करके अपने गांव लौट रहे थे। गांव भुड़िया के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल सियाराम को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर युवासेना ने समूह शिक्षण अधिकारी और शहर यातायात उपविभाग अधिकारी को दिया पत्र

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. सोमवार सुबह फातिमा स्कूल की चलती हुई मारुति वैन से नर्सरी के दो छात्रों के गिरकर गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया था। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने भी तत्काल कार्यवाही करते हुए वैन चालक और दो महिला केयरटेकर को गिरफ्तार भी कर लिया था। इस घटना के परिदृश्य में अंबरनाथ शहर युवासेना के पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर और युवा सेना निरीक्षक कल्याण भिवंडी लोकसभा क्षेत्र एडवोकेट निखिल वालेकर के मार्गदर्शन में समूह शिक्षण अधिकारी और शहर यातायात परिवहन उपविभाग कार्यालय को पत्र सौंपकर इस दिशा में कार्यवाही करने और महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखने हेतु पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया कि वाहन चालकों द्वारा निश्चित विद्यार्थियों को ही वाहन में बैठाया जाय और स्कूल प्रबंधन द्वारा इसकी नियमित जांच की जाए। इसका उल्लंघन करने वाले स्कूल और वाहन चालक पर दंडात्मक कार्यवाही की जाय। स्कूल वैन, रिक्शा, बस आदि में चाइल्ड लॉक की सुविधा का नियमित अवलोकन किया जाए। वाहन चालकों व क्लीनरों का पुलिस सत्यापन कराकर विवरण रखा जाए तथा पुलिस सत्यापन प्रत्येक वर्ष लागू किया जाए। उक्त बिंदुओं को संज्ञान में लाने के लिए युवा सेना पदाधिकारियों ने समूह शिक्षण अधिकारी डॉ.वी.एस.पोटेकर और शहर परिवहन उपविभाग से अनुरोध किया है। शिष्टमंडल में युवासेना कल्याण लोकसभा समन्वयक स्वप्निल जाविर, शहर अध्यक्ष स्वप्निल भामरे, शहर समन्वयक दीपक पवार, सचिव निकेत सिंह, उपशहराध्यक्ष अजय गारकर, रोहित शिर्के, विभागध्यक्ष आकाश चलवादी, अनिकेत अनिल, सुशील पाटील, नवीन नायर, ओंकार पाटील, अनिकेत सकपाळ, यासिन अकबर शेख सहित अनेक युवासैनिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्राम प्रधानों ने दिया ज्ञापन

### रायबरेली में लो वोल्टेज से हजारों लोग प्रभावित, नलकूप बंद और धान की रोपाई रुकी

रायबरेली, महराजगंज विद्युत वितरण खंड के चंदापुर फीडर से जुड़े पहरेमऊ न्याय पंचायत की सात ग्राम पंचायतों में बिजली की गंभीर समस्या है। क्षेत्र में लो वोल्टेज और बिजली ट्रिपिंग की वजह से नलकूप और कारखाने बंद पड़े हैं। खैरहना, पहरेमऊ, असफाबाद, पहरावां, ओया, बघेल और बहादुर नगर के ग्राम प्रधानों ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधानों ने बताया कि क्षेत्र की 35,000 की आबादी इस समस्या से जूझ रही है। 24 घंटे में केवल 3-4 घंटे बिजली मिल रही है। लो वोल्टेज के कारण मोटर नहीं चल पा रही हैं। बिजली आने के बाद मोटर सिर्फ 10-15 मिनट ही चलती हैं। इससे धान की रोपाई रुक गई है और बारिश में रोपी गई फसल सूख रही है। ग्राम प्रधानों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। अधिशासी अभियंता संदीप कुमार ने समस्या को स्वीकार किया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# ज्यौना ग्राम पंचायत में गड़बड़ी का आरोप

- जिलाधिकारी ने प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार किए सीज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




रायबरेली, महराजगंज क्षेत्र में ज्यौना ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में बड़ी अनियमितता सामने आई है। जांच में 25 लाख 54 हजार 745 रुपए की वित्तीय गड़बड़ी मिली है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम बनाई थी। टीम में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, राज्य कर अधिकारी और उपायुक्त श्रम रोजगार शामिल थे। जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं। इनमें इंटरलॉकिंग, सोख्ता गड्ढा निर्माण और बिना जीएसटी पंजीयन वाली फर्म को भुगतान शामिल हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इंटरलॉकिंग, ह्यूम पाइप, हैंडपंप मरम्मत और रिबोर में भी गड़बड़ियां मिलीं। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान उमेश कुमार के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। साथ ही तत्कालीन पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाही के आदेश दिए हैं। विकास खंड अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश पत्र पर प्रधान और सचिव के हस्ताक्षर कराकर वापस भेज दिया गया है।

# बाइक को टक्कर मारकर भागी इलेक्ट्रिक बस

- परिजनों ने नंबर देखकर 20 किमी दूर पकड़ा, चालक और पुलिस ने पीड़ित से मांगा सुबूत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक इलेक्ट्रिक बस ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। थाना कांट क्षेत्र के बहसटा कला गांव के रहने वाले पति पत्नी दंपति जलालाबाद से दवा लेकर लौट रहे थे। उबरिया मंदिर के पास तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बस का नंबर नोट कर लिया। घायल दंपति को अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने शहर में अपने परिचितों को बस का नंबर बताया। परिचितों ने चार्जिंग स्टेशन से पहले बस को रोक लिया। यह जगह दुर्घटना स्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल के परिजनों का आरोप है कि बस चालक ने रास्ते में बस का नंबर और रूट नेमप्लेट बदल दी। उनका कहना है कि एक रूट से आने के बाद बस चार्जिंग स्टेशन जाती है। इसके बाद रूट नेमप्लेट बदली जाती है। लेकिन इस बार चालक ने पहले ही नेमप्लेट बदल दी। बस चालक और पुलिस परिवार से टक्कर का सबूत मांग रहे हैं। चालक ने टक्कर मारने से इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शाहजहांपुर के गुरुकुल में 13 साल के छात्र की मौत

## कान-नाक से निकला खून, पिता का आरोप- बेटे की हत्या की गई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, गुरूकुल में पढ़ने वाले 13 साल के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्नौज के रहने वाले अनुराग यादव के रूप में हुई है। सुबह पिता को गुरूकुल की तरफ से सूचना दी गई कि उसके कान और नाक से खून निकल रहा है। उसकी तबीयत ठीक नही होने की सूचना दी। पिता का आरोप है कि बेटा बिल्कुल ठीक था। उसके शरीर से खून निकल रहा था और गुरूकुल के अंदर भी खून के छींटे मिले हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कन्नौज जिले के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के रामखेड़ा के रहने वाले ब्रजेश यादव ने 12 अप्रैल को बेटे अनुराग का थाना तिलहर क्षेत्र के रूदपुर में स्थित गुरूकुल महाविद्यालय में कक्षा छह में एडमिशन कराया था। गुरुवार को पिता ने बेटे से आखिरी बार फोन पर बात की थी। बेटे ने कहा था कि 18 जुलाई को मिलने के लिए आना। फिर उसने मां से फोन पर कहा था कि पापा रक्षाबंधन के लिए भेज देना। पिता ने बताया कि सुबह गुरूकुल के आचार्य ने फोन पर सूचना दी गई कि अनुराग की तबीयत ठीक नही है। उसके कान और नाक से खून निकल रहा है। जल्दी आ जाओ। पिता परिवार के साथ शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां उनको बेटे का शव मॉर्चरी में रखा मिला। पिता ने बताया कि उसके शरीर से खून निकल रहा है। पिता ने कहा कि उसको मारा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने बताया कि बेटे से फोन पर बात होती थी। बेटे ने कहा था कि पापा अकेले आना उनको कुछ बताना है। पिता ने वो कुछ पता भी नही पाया। पिता ने कहा कि बेटे के शरीर को देखकर लग रहा है कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। मृतक की चोटी बहन अनन्या और छोटा भाई लव है। बेटे ने कहा था कि रक्षाबंधन पर आकर ले जाना वह बहन को राखी बांधेगा।

उसकी मौत के बाद मां सरिता का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पर गुरुकुल के कुछ टीचर भी आए थे। उन्होंने कहा कि सोमवार की शाम गुरूकुल के बच्चों को हवन में ले जाया गया था। उसमें अनुराग नही गया था। क्योंकि उसका नया एडमिशन हुआ था। इसलिए उसको लेकर नही गए थे।

# दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

### पीड़िता बोली-शादी में 12 लाख खर्च हुए, आब 5 लाख और कार मांग रहे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, शाहजहांपुर की रहने वाली वंदना गुप्ता ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। वंदना की शादी 13 महीने पहले बदायूं के गद्दी चौक निवासी सिद्धार्थ उर्फ रितिक से हुई थी। वंदना के पिता ने शादी में दहेज के साथ करीब 12 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष ने उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की। पति सिद्धार्थ, सास रेखा, जेठानी संजना और ननंद अंशू ने वंदना को प्रताड़ित किया। जेठ शिवम और देवर ध्रुव ने मकान बनवाने के लिए 5 लाख रुपये और एक चार पहिया गाड़ी की मांग की। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने वंदना के साथ कई बार मारपीट की। परिवार वालों ने पंचायत बुलाई, लेकिन ससुराल पक्ष ने एक नहीं सुनी। ससुराल वालों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वंदना को घर से निकाल दिया। शिकायत में वंदना ने बताया कि उसके जेठ शिवम का भी दहेज का एक मामला अदालत में विचाराधीन है। पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मुकदमा निपटाने के नाम पर विधवा से धोखाधड़ी

### सपा नेता का बेटा होने का दावा कर 1 लाख रुपए ठगे, धमकी भी दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक विधवा महिला रेनू अग्निहोत्री से मुकदमा निपटाने के नाम पर 1 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शिवओम, उनके बेटे कृष्णेंद्र उर्फ करन और जीवेंद्र के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता और उसके दो बेटों के खिलाफ थाना जलालाबाद में केस नंबर 869/2024 दर्ज था। इस मामले को निपटाने के लिए शिवओम और उनके बेटों से तहसील में मुलाकात हुई। शिवओम ने अपने बेटे को सपा जिला उपाध्यक्ष बताते हुए मुकदमा निपटाने के लिए 2 लाख रुपए मांगे। महिला के गरीब होने की बात बताने पर आरोपियों ने 1 लाख रुपए में समझौता किया। पीड़िता ने अपनी जमीन गिरवी रखकर 18 नवंबर 2024 को कृष्णेंद्र के खाते में 20 हजार रुपए जमा कराए और 80 हजार रुपए नकद दिए। लेकिन मुकदमा खत्म नहीं हुआ और पैसे वापस मांगने पर टालमटोल करते रहे। जब पीड़िता ने तहसील में जीवेंद्र और कृष्णेंद्र से पैसे मांगे, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि उन पर पहले से कई मुकदमे चल रहे हैं, एक और झेल लेंगे। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और पैसे वापसी की मांग की है।

# अधिवक्ता से पुलिस की मारपीट



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर में एक अधिवक्ता के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा की गई मारपीट के विरोध में सैकड़ों वकीलों ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पीड़ित अधिवक्ता वशिष्क सिंह ने बताया कि वह थाने से घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्हें एक गाड़ी मिली, जिसमें दो दरोगा और एक अन्य व्यक्ति शराब पी रहे थे। एक दरोगा सड़क पर खड़ा था। अधिवक्ता ने हार्न बजाकर रास्ता मांगा और शीशा खोलकर निकलने की बात कही। वकील का आरोप है कि इसके बाद दरोगा ने गालियां देते हुए उनकी गाड़ी पर लात-घूंसे बरसाए और चाबी निकाल ली। इस दौरान अन्य दो लोग भी वहां आ गए। तीनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। जब वकील ने घटना की रिकॉर्डिंग करने के लिए फोन निकाला, तो उसे तोड़ दिया और जेब से 8000 रुपए भी छीन लिए। घटना की शिकायत लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवपाल सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना, राजीव सिंह चौहान और श्रवण कुमार सिंह पीड़ित वकील के साथ सीओ कार्यालय पहुंचे।

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया, भारत शामिल नहीं

## जापान-साउथ कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ; 1 अगस्त से लागू होगा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10%



बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरूआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10% का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25% का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0% टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20% टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20% ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0% टैरिफ लगाया है जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

# अमेरिका यूक्रेन को हथियार देगा, डिफेंस मिसाइलें शामिल

## ट्रम्प बोले- रूस से जंग में उसे खुद को बचाना होगा; पिछले हफ्ते सप्लाई रोकी थी

एजेंसी



वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वह फिर से यूक्रेन को हथियार भेजेंगे। उन्होंने कहा, इनमें सेल्फ डिफेंस वाले हथियार ज्यादा होंगे, ताकि रूस के खिलाफ जंग में वह खुद का बचाव कर सके। इससे पहले 1 जुलाई को ट्रम्प सरकार ने अमेरिका के हथियार भंडार में कमी आने के बाद यूक्रेन को दिए जाने वाले कुछ हथियारों की सप्लाई पर रोक लगा दी थी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा, सच कहूं तो मैं इस बात से निराश हूं कि पुतिन ने अपनी हरकतें बंद नहीं की। दरअसल, ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए कई बार बातचीत की थी, लेकिन पुतिन ने सीजफायर से मना कर दिया था। यूक्रेन को हथियार सप्लाई रोकने का फैसला अमेरिका के हथियार भंडार में कमी आने के बाद लिया गया था। जिस पर अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने साइन किए थे। रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2022 से जंग जारी है। अमेरिका यूक्रेन को सैन्य मदद देने वाला सबसे बड़ा इकलौता देश है। अमेरिका ने जंग शुरू होने के बाद से यूक्रेन को एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर, रडार, टैंक और कई एंटी रडार हथियार दिए हैं। यूक्रेन ने अमेरिका और यूरोप से और सैन्य सहायता मांगी थी। जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन को अपने हवाई रक्षा प्रणाली और ड्रोन उत्पादन बढ़ाना जरूरी है। यूक्रेन ने यूरोपीय सहयोगियों और एक अमेरिकी कंपनी के साथ ड्रोन उत्पादन के लिए समझौते किए हैं। जिससे यूक्रेन को इस साल लाखों ड्रोन मिलेंगे। जेलेंस्की ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा, जीवन की रक्षा के लिए वायु रक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा- इसमें इंटरसेप्टर ड्रोन का विकास और प्रोडक्शन भी शामिल है, जो रूस के लंबी दूरी के शाहेद ड्रोन को रोक सकते हैं। ड्रोन के इस्तेमाल से यूक्रेन को सैनिकों की कमी की भरपाई करने में भी मदद मिली है। रूस ने सोमवार को यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रूसी हमलों में 11 नागरिक मारे गए और 80 से ज्यादा घायल हुए, जिनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने पिछले हफ्ते 1 हजार से ज्यादा ड्रोन, 39 मिसाइल और करीब 1 हजार ग्लाइड बम दागे।

रूस ने यूक्रेन के सैन्य भर्ती केंद्रों पर भी हमले किए, जिससे खार्किव और जपोरिज्झिया में 17 लोग घायल हुए। रूस ने दावा किया की उसने 91 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़

## 12 नेपाली, 6 चीनी लापता; दोनों देशों को जोड़ने वाला मिटेरी ब्रिज और कई गाड़ियां बहीं

एजेंसी

काठमांडू, नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी, 9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घटना चीनी सीमा पर नेपाल के रसुवा जिले में रसुवागढ़ी बॉर्डर पॉइंट की है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल 'मिटेरी ब्रिज' ढह गया। मिटेरी ब्रिज से चीन-नेपाल के बीच रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता था। रसुवा में कस्टम्स ऑफिस का यार्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्टम यार्ड में खड़े कई कार्गो कंटेनर भी बह गए। सभी कंटेनर सामान से भरे हुए थे। कस्टम यार्ड के अंदर फंसे कुछ लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन सभी तरफ बाढ़ के पानी के कारण चल रहे ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। पुल बहने से चीन-नेपाल के बीच व्यापार रुका भोटेकोशी नदी में बाढ़ से नेपाल को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। पुल बहने से इस रूट से चीन और नेपाल के बीच होने वाला व्यापार रुक गया है। नेपाल को अब सामान मंगवाने के लिए भारत पर निर्भर होना पड़ेगा।



सामान को चीन से भारत और फिर उसे जमीन के रास्ते नेपाल मंगाया जा सकता है। नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) ने बताया कि भोटेकोशी नदी के बढ़ते पानी ने तिमुरे में एक ईवी चार्जिंग स्टेशन से आठ इलेक्ट्रिक वाहनों को भी बहा दिया। पासंग ल्हामू हाईवे पर भी कई जगह लैंडस्लाइड हुआ। सड़क का बड़ा हिस्सा नदी के साथ बह गया है। जिससे परिवहन ठप हो गया है। बाढ़ में कई घर और चीन से मंगाए पांच इलेक्ट्रिक वाहन भी बह गए। नेपाल के कई हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को नुकसान रसुवा के रासुवागढ़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण 200 मेगावाट तक बिजली उत्पादन पूरी तरह रुक गया है। चिलीम हाइड्रोपावर कंपनी के सीईओ बाबूराजा महाराजन ने बताया कि बाढ़ में भोटे कोशी और त्रिशूली कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। आने वाले दिनों में यहां बिजली उत्पादन फिर से शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। रसुवागढ़ी में भी परिचालन फिर से शुरू करना संभव नहीं है। सितंबर, 2024 में नेपाल में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 35 बच्चों सहित 215 से अधिक लोग मारे गए थे। दर्जनों लोग लापता हो गए। अधिकांश मौतें राजधानी काठमांडू में हुई, जहां 27 सितंबर से लगातार 3 दिन तक हुई बारिश ने 50 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

इसमें सैकड़ों घर, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए। नेपाल के 77 में से 44 जिले प्रभावित हुए थे। कई पुल और सड़कें बह गईं। सुरक्षा बलों और स्वयंसेवकों ने लगभग 4,500 लोगों को बचाया था।

# इजराइल का यमन में हूती लड़ाकों के पोर्ट पर हमला

## कहा- हम पर जो हाथ उठेगा, काट देंगे; इजराइल-हमास कतर में सीजफायर वार्ता करेंगे

एजेंसी



तेल अवीव, इजराइल और हमास के बीच कतर में सोमवार को शांति वार्ता से पहले इजराइली सेना ने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया। सोमवार तड़के इजराइली सेना के लड़ाकू विमानों ने यमन में हुदैदा, रास ईसा और सलीफ में हूतियों के कंट्रोल वाले बंदरगाहों के अलावा रास कनेटिब स्थित एक पावर प्लांट को निशाना बनाया। इजराइली रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि इन ठिकानों का इस्तेमाल हूती ईरान से हथियारों की तस्करी और इजराइल व उसके सहयोगी देशों पर हमलों के लिए करते हैं। इजराइली अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि यमन में इस हमले का एक मकसद हूती सैन्य प्रमुख मुहम्मद अल-गमारी भी था। इजराइली हमले के जवाब में हूतियों ने भी मिसाइलें और ड्रोन दागे। इन हमलों के बाद हूती सैन्य प्रवक्ता या सरी ने कहा कि उनके बलों ने इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट, अश्दोद और एलात पोर्ट तथा अश्केलोन के पावर स्टेशन पर मिसाइल हमले किए गए। इसी बीच, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इस कार्रवाई को जायज ठहराते हुए कहा- ईरान के लिए जो सही है, वही यमन के लिए भी लागू होगा। जो कोई इजराइल पर हाथ उठाएगा, उसका हाथ काट दिया जाएगा। हूती अपनी हरकतों की कीमत चुकाते रहेंगे। दूसरी तरफ इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू हमास के साथ सीजफायर प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अमेरिका पहुंचे। यहां उन्होंने ट्रम्प के साथ वार्ता की। कतर ने इजराइल और हमास के बीच सीजफायर का प्रस्ताव दिया है। ट्रम्प जल्द से जल्द सीजफायर समझौते की घोषणा करना चाहते हैं, लेकिन आखिरी फैसला नेतन्याहू के हाथ में है।

# राष्ट्रपति मुर्मू को मुर्मा, कोविंद को कोविड..!

## मल्लिकार्जुन खड़गे पर बीजेपी ने लगाया गंभीर आरोप



एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का अपमान करने का आरोप लगाया। खड़गे ने एक सार्वजनिक संबोधन के दौरान उनके नाम का गलत उच्चारण किया था। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, खड़गे को व्यापक रूप से साझा किए गए वीडियो में मुरमा जी कहते हुए सुना जा सकता है, लेकिन बाद में उन्होंने तुरंत सुधार करते हुए मुर्मू जी कहा। कुछ सेकंड बाद, उन्होंने कोविंद को कोविड के रूप में गलत उच्चारण किया। इसको लेकर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। ये कांग्रेस पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता को दिखा रहा है। जो कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, उन्हीं के इशारे पर मल्लिकार्जुन खड़गे जी ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। जिसका आज भारत का हर नागरिक निंदा कर रहा है। भाटिया ने

**खड़गे को व्यापक रूप से साझा किए गए वीडियो में मुरमा जी कहते हुए सुना जा सकता है, लेकिन बाद में उन्होंने तुरंत सुधार करते हुए मुर्मू जी कहा। कुछ सेकंड बाद, उन्होंने कोविंद को कोविड के रूप में गलत उच्चारण किया।**

कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को मुर्मा जी बुलाते हैं और पूर्व राष्ट्रपति जी राम नाथ कोविंद जी को कोविड बुलाते हैं। खड़गे जी, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को भू-माफिया बताते हैं, कहते हैं, ये हमारी जमीन और जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। राहुल गांधी के इशारे पर मल्लिकार्जुन खड़गे जी जो आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी बयान दे रहे हैं, उस पर पूरा देश थू थू कर रहा है। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर जाकर याद दिलाया कि कैसे कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने जनवरी 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'राष्ट्रपत्नी' कहा था, जिससे बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। पोनावाला ने लिखा, खड़गे जी मुर्मू जी को मुरमा जी कहते हैं। कोविंद जी का नाम गलत बोलते हैं। फिर उन्हें जमीन लुटेरे कहते हैं।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दिल्ली में सख्ती

## यात्रा के दौरान मीट की दुकानों पर ताला

**इस बात की जानकारी मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता कपिल मिश्रा ने दी। मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा कि इनमें से ज्यादातर मीट की दुकानें वैसे भी अवैध हैं और कानून के मुताबिक इन्हें नहीं चलना चाहिए। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें खास तौर पर बंद रखा जाएगा।**

एजेंसी





हिंदू कैलेंडर के पवित्र महीने सावन के दौरान श्रद्धालु पवित्र नदियों से जल लेकर विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव को चढ़ाने के लिए कांवड़ यात्रा करते हैं। इस साल कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू होगी। 11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान, यूपी की तर्ज पर अब दिल्ली में भी मीट की दुकानें बंद रहेंगी। इस बात की जानकारी मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता कपिल मिश्रा ने दी। मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा कि इनमें से ज्यादातर मीट की दुकानें वैसे भी अवैध हैं और कानून के मुताबिक इन्हें नहीं चलना चाहिए। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें खास तौर पर बंद रखा जाएगा। हालांकि, मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह प्रतिबंध केवल तीर्थयात्रा मार्ग पर पड़ने वाली मांस की दुकानों पर ही लागू होगा या नहीं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर मांग की जरूरत नहीं है। कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें विशेष रूप से बंद रखा जाएगा। ये सभी अवैध दुकानें हैं और हम कांवड़ यात्रा के दौरान इन्हें संचालित करने की अनुमति नहीं दे सकते। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर कोई मांस न बेचा जाए। 26 जून को सरकार ने यह भी आदेश दिया कि तीर्थयात्रा मार्ग पर सभी भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। दूसरी ओर जंगपुरा से भाजपा विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी शराब और मांस की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करने का अनुरोध किया था। विधायक ने कहा था कि शराब और मांस की दुकानों पर अस्थायी प्रतिबंध यात्रा की पवित्रता का सम्मान करेगा और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकेगा।

# लगातार बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश के सात जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराया, प्रशासन ने बंद कराई 225 सड़कें

**हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी। ये जिले चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर हैं।**

एजेंसी

भारत के पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। सप्ताहांत में असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण 23 बाढ़ और 16 भूस्खलन की घटनाओं के बाद उत्तर भारतीय राज्य में सैकड़ों घर, पुल, सड़कें और बिजली के खंभे बह गए। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, 19 बादल फटने की घटनाएं भी हुईं, जिसमें



अचानक भारी मात्रा में बारिश हुई। इस सप्ताह और अधिक बारिश की चेतावनी के साथ कई जिले भूस्खलन के लिए हाई अलर्ट पर हैं। हिमालय के पहाड़ी इलाकों में फैला हिमाचल प्रदेश हाल के वर्षों में बार-बार प्रभावित हुआ है क्योंकि जलवायु आपातकाल के कारण मानसून की बारिश अनियमित हो गई है और अधिक तीव्र, अनियंत्रित रूप से गिर रही है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी।

# जेलों में कट्टरपंथियों को पनपने से रोकने के लिए अमित शाह ने उठाये सख्त कदम

**गृह मंत्रालय ने मॉडल प्रिजन मैनुअल 2016 और मॉडल प्रिजन्स एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2023 का हवाला देते हुए बताया कि इन मॉडल दस्तावेजों में उच्च-जोखिम कैदियों, उग्रवादियों आदि को अन्य कैदियों से पृथक रखने के लिए विशेष सुरक्षा वाले कारागारों की व्यवस्था की संस्तुति दी गई है।**

## राज्यों को जारी की बड़ी सलाह

एजेंसी

इस तरह के वाकये पूरी दुनिया में देखने को मिल रहे हैं कि जेलों में बंद कट्टरपंथी दूसरे कैदियों का भी ब्रेन वॉश करके उन्हें गलत राह पर धकेल देते हैं। देखा जाये तो जेलों में कैदियों को कट्टरपंथी बनाये जाने की घटनाएं अब गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। यह प्रवृत्ति आंतरिक सुरक्षा के लिए तेजी से बड़ा खतरा बन रही है इसलिए संकट की गंभीरता को समझते हुए भारत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को जारी एक परामर्श में कहा गया है कि कारागारों में बंद कमजोर मानसिकता वाले व्यक्तियों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकना तथा ऐसे कैदियों को मुख्यधारा में लौटाने के लिए डि-रेडिकलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। देखा जाये तो




कारागार एक सीमित व नियंत्रित वातावरण होता है जहाँ सामाजिक अलगाव, समूह मनोवृत्ति तथा निगरानी की सीमितता जैसी परिस्थितियाँ अतिवादी विचारों के पनपने के लिए उपजाऊ भूमि बन जाती हैं। कई बंदी, जो पहले से ही हताशा, समाज से कटाव या हिंसात्मक प्रवृत्तियों से ग्रस्त होते हैं, ऐसे माहौल में उग्रपंथी विचारधाराओं के प्रभाव में आ जाते हैं। इसलिए गृह मंत्रालय ने चेताया है कि कुछ मामलों में कट्टरपंथी बंदी हिंसात्मक गतिविधियों में लिप्त हो सकते हैं– चाहे वह जेल के स्टाफ पर हमला हो, अन्य बंदियों को नुकसान पहुँचाना हो या फिर बाहरी नेटवर्क के साथ मिलकर देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देना हो। गृह मंत्रालय ने मॉडल प्रिजन मैनुअल 2016 और मॉडल प्रिजन्स एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2023 का हवाला देते हुए बताया कि इन मॉडल दस्तावेजों में उच्च-जोखिम कैदियों, उग्रवादियों आदि को अन्य कैदियों से पृथक रखने के लिए विशेष सुरक्षा वाले कारागारों की व्यवस्था की संस्तुति दी गई है।

## संक्षेप

### चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**एथलेटिक्स और बैडमिंटन मुकाबले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

सुलतानपुर, पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का दूसरा दिन शुरू हुआ। कार्यक्रम में बालक-बालिका एथलेटिक्स और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खेलों का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सिंह ने कहा कि स्टेडियम के निमार्णाधीन होने से खिलाड़ियों को लंबे समय तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब स्टेडियम का नया रूप तैयार हो चुका है। उन्होंने युवा जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की सराहना की, जिन्होंने पदभार संभालने के बाद से खिलाड़ियों के हित में निरंतर काम किया है। इन लोगों की रही मौजूदगी कार्यक्रम में जिला महामंत्री सचिन पांडे, जिला मंत्री अंकुर तिवारी, जिला वॉलीबॉल संघ कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। बैडमिंटन कोच श्याम धर ओझा, एथलेटिक्स कोच श्रीमती आशा, ओलंपिक संघ जिला सचिव पंकज दुबे, हैंडबॉल संघ सचिव प्रवीण मिश्रा और कुश्ती कोच यशवंत सिंह समेत अन्य खेल संघों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### डीआईओएस कार्यालय में प्रधान सहायक गिरफ्तार

**अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा, जीपीएस फंड रिलीज के लिए मांगी थी रिश्वत**

सुलतानपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने कार्यालय के प्रधान सहायक अजय यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर स्थित जीआईसी फील्ड में स्थित डीआईओएस कार्यालय में यह कार्रवाई की गई। अजय यादव जीपीएफ पटल पर कार्यरत थे। एक कर्मचारी के जीपीएफ फंड को रिलीज करने के लिए वह उससे रिश्वत की मांग कर रहे थे। आरोपी को थाने ले गई टीम पीड़ित कर्मचारी ने इस मामले की शिकायत अयोध्या एंटी करप्शन टीम से की। टीम ने जांच में आरोपों को सही पाया। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद विभाग में अफरा-तफरी मच गई।

### भारतीय चमार महासभा में बड़े बदलाव

**अनिल कुमार बने प्रदेश मीडिया प्रभारी, लल्लन कुमार को मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी**

सुलतानपुर, भारतीय चमार महासभा में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा चमार ने अनिल कुमार को उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। अनिल कुमार पहले सुल्तानपुर जिले के जिलाध्यक्ष थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अनिल कुमार की नियुक्ति उनके संगठन के प्रति समर्पण और समाज सेवा के लिए की है। अनिल कुमार ने संगठन के उद्देश्यों को प्राथमिकता दी है।

# 75 जिलों में प्राथमिक शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन

**मर्जर नीति और ओपीएस समेत कई मांगों को लेकर सीएम को संबोधित दिया ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार को जिले भर से हजारों शिक्षकों ने सर्वशिक्षा अभियान कार्यालय प्रयागराज पर धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस धरने में जिले के सभी ब्लॉकों से शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। धरना प्रदेश नेतृत्व के उस आंदोलनात्मक कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसके तहत सरकार द्वारा विद्यालयों के मर्जर, 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों और 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पदों को समाप्त करने जैसे निर्णयों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। धरने में बोलते हुए जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा- सरकार की मर्जर नीति परिषदीय शिक्षा प्रणाली को बबार्दी की ओर ले जा रही है। इससे न सिर्फ छात्रों को अपने घर से दूर पढ़ने जाना पड़ेगा, बल्कि हजारों रसोइयों की सेवाएं भी समाप्त हो जाएंगी। शिक्षकों के लंबे समय से लंबित मुद्दों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है, जिनमें पुरानी पेंशन योजना , कैशलेस मेडिकल सुविधा, मृतक आश्रितों की नियुक्ति, पदोन्नति, बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति, ग्रीष्मकालीन स्कूल समय का परिवर्तन और प्रोन्नत वेतनमान जैसी मांगें शामिल हैं। 10 सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा धरना के अंत में एक 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा गया, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए आग्रह किया गया कि मर्जर की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए और प्राथमिक शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। धरने में शिक्षक नेताओं के साथ जनप्रतिनिधि, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, शिक्षामित्र, अनुदेशक और अन्य कर्मचारी संगठनों के लोग भी उपस्थित रहे। संघ की चेतावनी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इस विषय पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा और जनपद प्रयागराज प्रदेश नेतृत्व के हर निर्णय में अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहेगा।

# गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा

**महाकुंभ की टेंट सिटी वाले क्षेत्र में भरा पानी, 88 बाढ़ चौकियां अलर्ट पर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, संगम नगरी में जहां महाकुंभ के दौरान संगम में तंबुओं का शहर बसा था, लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे थे।आज वहीं हर ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। गंगा और यमुना के संगम क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घाट पर रहने वाले पंडे और दुकानदार अपना सामान समेट कर ऊपर की ओर जाने लगे है। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह है कानपुर बैराज से छोड़ा गया लगभग 2 लाख क्यूसेक पानी, जिसने प्रयागराज पहुंचते-पहुंचते गंगा-यमुना दोनों नदियों को उफान पर ला दिया है। साथ ही लगातार हो रही बारिश ने जलस्तर में और इजाफा कर दिया है। बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 10 सेंटीमीटर और छतनाग में 95 सेंटीमीटर बढ़ा है, जबकि नैनी में यमुना नदी 111 सेंटीमीटर चढ़ गई है। हालांकि अभी खतरे का निशान पार नहीं हुआ है—जो कि 84.734 मीटर है—लेकिन जिस रफ्तार से पानी बढ़ रहा है, उसने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। संगम क्षेत्र में वो स्थान, जहां महाकुंभ के दौरान विशाल टेंट सिटी और अस्थायी नगर बसाया गया था, अब पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है। स्नान घाटों से लेकर तीर्थ पुरोहितों के तख्त तक बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें संगम क्षेत्र में तैनात कर दी गई हैं। जिले की 88 बाढ़ चौकियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। घाट के दुकानदार, तीर्थ पुरोहित और स्थानीय लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं।

प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि लोग नदियों के किनारे न जाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़

**तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 10 लाख की 208 बैटरियां और वाहन बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 208 बैटरियां, एक महिंद्रा पिकअप और एक डीसीएम वाहन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपी प्रतापगढ़ के उदयपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पंडरी गांव के पास स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली। संभावा रोड पर बैटरी चोर गैंग के सदस्य महिंद्रा पिकअप से डीसीएम में बैटरियां स्थानांतरित कर रहे थे। स्वाट टीम और गौरीगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सद्दाम पुत्र आलेमान खान, मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान और दीपांशु पुत्र रामकुमार कोरी शामिल हैं। महिंद्रा पिकअप से 39 ई-रिक्शा बैटरी और डीसीएम से 64 इनवर्टर बैटरी, 90 मोटरसाइकिल बैटरी तथा 15 चार पहिया वाहनों की बैटरियां बरामद हुईं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अपने दो अन्य साथियों प्रवीण सिंह और मुन्ना के साथ मिलकर कई जिलों में चोरी करते थे। ये बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ और अमेठी में सक्रिय थे। सड़क किनारे खड़े वाहनों और घरों से बैटरियां चुराते थे। बरामद बैटरियों की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है।

# पूर्व सपा विधायक और उनके साले समेत 3 पर एफआईआर

**पूर्व सेक्टर प्रभारी की मौत का मामला, पीएम रिपोर्ट ने आरोपों को किया खारिज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, एक पूर्व सेक्टर प्रभारी की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, विवेक मिश्रा और सुशील निषाद पर केस दर्ज हुआ है ।मारपीट का आरोप लगाया है। मृतका की पत्नी सरिता यादव के अनुसार, 3 जुलाई की रात को विवेक मिश्रा और सुशील निषाद ने सुनील यादव को गांव स्थित लाला की बाग में बुलाया। दोनों ने उन्हें लात-घूसों और हथियार की बट से मारा। विवेक मिश्रा ने सुनील के सीने पर चढ़कर लातें मारीं, जिससे उनके मुंह से खून निकलने लगा। आरोपियों ने प्रधानी का चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद सुनील ने रात 3 बजे फेसबुक पर पोस्ट कर प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। अगले दिन पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने सुनील को अपने पास बुलाया। उन्होंने सुनील का मोबाइल छीन लिया और उन्हें पीटा। फेसबुक पोस्ट और धमकी की रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया। पांडेय ने भी प्रधानी का चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से सुनील की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें बीच-बीच में खून की उल्टियां होती रहीं। 6 जुलाई को सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें सीएचसी चांदा ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत सांस रुकने से होना बताया गया है। फिलहाल यह पुलिस की जांच का विषय है। पुलिस की मौजूदगी में मंगलवार शाम को शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# 50 हजार का इनामी बदमाश सुल्तानपुर में गिरफ्तार

**एसटीएफ ने अवैध तमंचे के साथ पकड़ा, प्रतापगढ़ के कई मामलों में था वांछित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने सुल्तानपुर में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसटीएफ की टीम ने जयसिंहपुर क्षेत्र के निदुरा अंडरपास से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद रुखसार के रूप में हुई है। वह प्रतापगढ़ के थाना कंधई क्षेत्र के पूरे देवजानी का रहने वाला है। आरोपी थाना पट्टी, प्रतापगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 179/2025 में वांछित था। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने 26 जून 2025 को इस बदमाश पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ प्रभारी धर्मेश कुमार शाही की टीम ने 7 जुलाई को शाम करीब 7:15 बजे मुखबिर की सूचना पर इसे गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और 800 रुपये बरामद हुए। इस संबंध में थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष पर जमीन कब्जाने का आरोप

**अमेठी में करणी सेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी पर एक बुजुर्ग महिला ने जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। इस मामले में करणी सेना डब्ल्यूएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि महेश सोनी पर लगे सभी आरोप निराधार हैं। उनका मानना है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उन्हें बदनाम किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर यह चर्चा है कि सोनी ने बुजुर्ग महिला की जमीन का बिना पैसा दिए बैनामा करा लिया। महेश सोनी ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उन्होंने न तो किसी की जमीन का बैनामा कराया है और न ही कब्जा किया है। वे खुद बुजुर्ग महिला को न्याय दिलाने के लिए तैयार हैं। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अगर सोनी दोषी हैं तो उन पर कार्रवाई की जाए। अगर वे निर्दोष हैं तो उन्हें बदनाम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रशासन से मामले की गहन जांच की मांग की गई है।

# पूर्व प्रधान के बेटे की हादसे में मौत

**दो बाइकों में हुई टक्कर के बाद सड़क पर गिरे 4 युवकों को केंटर ने रौंदा, हादसे में एक की, तीन युवक मेडिकल कॉलेज में**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , यूपी के जिला अलीगढ़ में दो बाइकों की आपस मे भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे बाइक सवार 4 युवक कुछ समझ पाते, तभी पीछे से आये केंटर ने उनको रौंद दिया। हादसे में पूर्व प्रधान के बेटे की मौत हो गई, जबकि तीन युवक घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मौत की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, अतरौली के गांव जखैरा रहने वाले राकेश पूर्व प्रधान हैं। उनका 26 वर्षीय बेटा योगेश और उसका दोस्त राहुल पुत्र विशम्भर सिंह गांव मलसई दावत खाने जा रहे थे। उनकी बाइक छर्रा थाना इलाके में कासगंज रोड पर गांव धनसारी के पास पहुंची थी। तभी सामने से आये दूसरे बाइक सवार टिंकू पुत्र सुशील व धर्मेंद्र पुत्र धर्मवीर निवासी गांव लोधई से टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोंनो बाइकों पर सवार चारों युवक सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। तभी कासगंज की ओर से आये केंटर ने सभी को रौंद दिया। राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर इलाका मोके पर आ गई। घायलो को सीएचसी छर्रा ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने योगेश को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल उसके दोस्त व दूसरी बाइक सवारों को जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन सड़क से हटवाकर थाने पहुंचाए। साथ ही यातायात चालू करवाया। उधर, हादसे की जानकारी मृतक व घायलों के परिजनों को दी। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद योगेश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। योगेश की बड़ी बहन पुलिस में हैं। वह परिवार में छोटा था और पढ़ाई कर रहा था।

उधर, परिजनों ने बताया कि बाइक सवार टिंकू और धर्मेंद्र सामान लेने बाजार जा रहे थे। तभी रास्ते मे हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है।

# कार में दम घुटने से पालतू डॉगी की मौत

**3 घंटे तक अंदर छटपटाता रहा, मथुरा में दर्शन करने गए थे दंपती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, कार में दम घुटने से पालतू डॉग की मौत हो गई। पार्किंग में खड़ी कार के अंदर डॉग करीब 3 घंटे तक तड़पता रहा। वहां मौजूद लोगों ने डॉग को बाहर निकालने की काफी कोशिश की। मगर जब तक कार का गेट खोल पाते डॉग की जान जा चुकी थी। वृंदावन में दर्शन करने आए दंपती पालतू डॉग को कार में बंद करके चले गए थे। पार्किंग में मौजूद गार्ड ने डॉग को बाहर निकालने की बात कही थी। मगर दंपती ने मना कर दिया। दर्शन करके लौटे दंपती ने अपने डॉग को मरा हुआ देखा तो रोने लगे। बोले- हमारी एक गलती से मेरे बच्चे की जान चली गई। जिला संयुक्त चिकित्सालय में रविवार को एक बिहार नंबर की अर्टिगा कार पहुंची। यहां की पार्किंग में सुबह 10 बजे दंपती ने अपनी कार पार्क कर दी। कार में पति-पत्नी के साथ उनका लैब्राडोर रेटरिएवेर ब्रिड का डॉग भी था। दंपती ने जैसे ही अपनी कार खड़ी की तो पार्किंग के कर्मचारियों ने कहा- डॉग को बाहर कर दीजिए। मगर दंपती ने मना कर दिया। कहा- डॉग अंदर सेफ है और अभी सो रहा है। हम लोगों ने हल्का सा शीशा खोल दिया है।

# अमेठी जिला अस्पताल में सौर ऊर्जा का बड़ा प्रोजेक्ट

**एक हजार किलोवाट बिजली के लिए छत पर लगेंगे 1900 सोलर पैनल, 5 करोड़ की लागत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिला अस्पताल जल्द ही ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होने जा रहा है। अस्पताल की छत पर 1900 सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे एक हजार किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 5 करोड़ रुपये है। सोलर पैनल से उत्पादित अतिरिक्त बिजली स्वचालित रूप से बिजली ग्रिड में चली जाएगी। इसे बिल में समायोजित कर दिया जाएगा। कार्यदाई संस्था स्वास्थ्य विभाग से 5 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान लेगी। इसके लिए 20 वर्ष का अनुबंध किया जाएगा।

# जीएसटी में संशोधन के लिए व्यापारियों का प्रदेशव्यापी आंदोलन

**उत्तर प्रदेश के सभी जीएसटी कार्यालयों में वित्त मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के सभी जीएसटी कार्यालयों में व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर यह कार्यवाही की गई। व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित ज्ञापन में जीएसटी में आ रही कठिनाइयों के समाधान की मांग की है। अमेठी में जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर सहायक कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला संरक्षक राकेश लोहिया, जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील जायसवाल, युवा जिला महामंत्री पवन वैश्य मौजूद रहे। संदीप अग्रहरि, जियाउल अंसारी और हनी जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। व्यापारी नेता नेता महेश सोनी ने कहा कि सचल दलों के द्वारा पूरा टैक्स जमा करने के बावजूद कुछ कमियां निकाल जुमार्ना काट दिया जाता है।इसके साथ ही 40 लाख रुपए तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को टैक्स में छूट होने के बावजूद अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिए कम टर्नओवर वाले व्यापारियों का उत्पीड़न कर रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए बाध्य करते हैं

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A – 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी